नई दिल्ली

सोमवार, 29 सितंबर 2025

अशिवन मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 166
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### ऑपरेशन तिलकः तिलक वर्मा की अजेय पारी से भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को रौंद डाला

## भारत का विजय 'तिलक'



- पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर टीम इंडिया 9वीं बार एशिया का चैम्पियन बना
- रविवार को शर्माजी नहीं चले तो वर्माजी चले
- बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा 'चैंपियन'

एजेंसी ▶▶ दुबई

एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर 9वीं बार खिताब जीता। दोनों टीमें 41 के इतिहास में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने हुई थीं। गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजी में तिलक ने भारत को जीत का 'तिलक' लगाया। तिलक वर्मा की बेहतरीन पारी की बदौलत इंडिया ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। रविवार को 147 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 20वें ओवर की चौथी बॉल पर जीत हासिल की। रिंकू सिंह ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। तिलक वर्मा 69 रन बनाकर नाबाद लौटे।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने वाली पाकिस्तान की टीम 19.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। हारिस रऊफ की पहली गेंद पर तिलक वर्मा ने 2 रन बनाए। अगली गेंद पर छक्का लगा। अगली गेंद पर 1 रन आया। रिंकू सिंह ने चौके से मैच खत्म किया। भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर एशिया कप पर कब्जा जमाया। (खेल पेज भी देखें)

### तिलक की इस एशिया कप में पहली फिफ्टी

*16वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने अबरार अहमद की आखिरी बॉल पर एक रन दौड़कर अर्धशतक पूरा किया। तिलक ने इस टूर्नामेंट में पहली बार अर्धशतक लगाया है। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। भारत के तीन बल्लेबाज- अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव कुल 20 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए थे और उस वक्त भारतीय टीम मुश्किल में नजर आ रही थी।*

### पीएम मोदी ने किया सलाम

*पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद पीएम मोदी ने टीम इंडिया को सलाम किया है। पीएम ने ट्वीट कर लिखा- खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर, नतीजा वही, भारत की जीत। हमारे खिलाड़ियों को बधाई।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी जीत की बधाई

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में हुए एशिया कप ट्वेंटी ट्वेंटी क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल मैच में भारत की पाकिस्तान पर शानदार विजय पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त राष्ट्र वासियों को बधाई दी है। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय क्रिकेटर्स ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आशा व्यक्त की है कि हमारे क्रिकेटर ऐसा ही प्रदर्शन बनाए रखेंगे।*

### 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री – स्वदेशी अपनाएं, स्वच्छता रखें और महिला शक्ति को करें सलाम


# पीएम मोदी की मन की बात में बिहार के चुनावी मौसम में छठ और मधुबनी पेंटिंग का जमकर हुआ जिक्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित करते हुए कई अहम घोषणाएँ कीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भारत के प्रमुख लोक आस्था पर्व छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है। बिहार विधानसभा चुनाव का असर "मन की बात" में छलका। बिहार के लोक आस्था के पर्व छठ पर बात हुई। मधुबनी पेंटिंग पर बात हुई। पीएम मोदी ने कहा, "छठ महापर्व केवल एक पूजा नहीं, बल्कि सूर्य उपासना और जल संस्कृति से जुड़ा लोक जीवन का बड़ा उत्सव है।

यह नारी शक्ति और पर्यावरण संरक्षण दोनों का संदेश देता है। हम इसे विश्व मंच पर उचित मान्यता दिलाने के लिए यूनेस्को की सूची में शामिल कराने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं।" विदित हो कि छठ पर्व को यूनेस्को की सूची में जगह मिलने से यह सिर्फ भारत या बिहार-झारखंड-उत्तर प्रदेश का लोक पर्व नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया में इसे सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता मिल जाएगी। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी चर्चा और शोध होंगे। विदेशी मीडिया और अकादमिक जगत में इस पर अध्ययन बढ़ेगा। भारतीय संस्कृति के प्रति विश्व स्तर पर सम्मान और गहरा होगा।

छठ पर्व को यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल कराने की पहल





### संघ के 100 वर्ष और सेवा भाव का जिक्र

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का भी उल्लेख किया और इसे "सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा" बताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने दशकों से देशभर में समाज सेवा और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### महिला शक्ति को नमन

मोदी ने भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारियों- लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा- की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 'नविका सागर परिक्रमा' अभियान के तहत पृथ्वी के सबसे दुर्गम समुद्री बिंदु पॉइंट नीमो तक यात्रा कर भारत की बेटियों की ताकत का परिचय दिया है।

### मधुबनी पेंटिंग का जिक्र

*उन्होंने बिहार की एक युवती की कहानी भी साझा की, जिसने मधुबनी पेंटिंग को स्वरोजगार का जरिया बनाया और आज 500 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना चुकी है। मोदी ने कहा, "हमारी बेटियाँ और महिलाएँ हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। हमें उन्हें और अधिक अवसर देने होंगे।*

### त्योहारों में 'स्वदेशी' और स्वच्छता पर जोर

*आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपनाएँ। उन्होंने कहा, त्योहारों में स्थानीय उत्पादों से खरीदारी करें, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें। इससे हमारे कारीगरों और छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान को भी जन आंदोलन के रूप में जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि बीमारियाँ न फैलें और समाज में स्वास्थ्य का माहौल बने।*

### स्वास्थ्य क्षेत्र में नई पहल का जिक्र

*प्रधानमंत्री ने जानकारी दी कि देश में 10,000 से अधिक नई एमबीबीएस और पीजी सीटें जोड़ी गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।*

### सप्तम दिवसः मां कालरात्रि



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

## गूगल छोड़ स्वदेशी ब्राउज़र जोहो में शिफ्ट हुए आईटी मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस और गूगल डॉक्स का उपयोग बंद कर दिया और अब देशी एप्लिकेशन जोहो को अपनाया है। इसे डिजिटल क्षेत्र में 'मेड



इन इंडिया' प्लेटफ़ॉर्म को प्रोत्साहित करने वाला एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मंत्री का यह निर्णय न केवल सरकारी विभागों बल्कि आम नागरिकों और व्यवसायों को भी देशी डिजिटल टूल्स अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। जोहो एप के जरिए दस्तावेज़, स्प्रेडशीट, प्रेज़ेंटेशन और अन्य बिजनेस मैनेजमेंट टूल्स का उपयोग संभव है, जिससे कार्यकुशलता बढ़ती है और विदेशी सॉफ़्टवेयर पर निर्भरता कम होती है। मेड इन इंडिया सॉल्यूशन जोहो एप की स्थापना 1996 में श्रीधर वेम्बू और टोनी थॉमस ने की थी। चेन्नई आधारित यह कंपनी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री नायब की मौजूदगी में होंडा कंपनी के साथ हुआ एमओयू

## सीएंडडी वेस्ट से टायल बनेगा, प्लांट स्थापना के लिए जमीन व कूड़ा सरकार कराएगी उपलब्ध

- नारायणगढ़ में जापानी कंपनियों के कलस्टर स्थापना पर किया मंथन, मानेसर में पानी की उपलब्धता के लिए कार्य जारी- मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गुरुग्राम में जापान की प्रमुख कंपनियों के साथ विशेष बैठक करते हुए हरियाणा में



अधिकाधिक निवेश का आह्वान किया। इस दौरान सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट के लिए होंडा कंपनी के साथ एमओयू भी किया गया, जिसके तहत प्लांट की स्थापना के लिए जमीन व कूड़ा सरकार उपलब्ध कराएगी जबकि होंडा कंपनी कूड़े से टायल बनायेगी। मुख्यमंत्री का 6 से 8 अक्टूबर तक जापान दौरा प्रस्तावित है जिसमें वे हरियाणा पवेलियन का विशेष रूप से दौरा करेंगे। इसके तहत उन्होंने हरियाणा में स्थापित जापान की मुख्य कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निवेश बढ़ाने पर विशेष रूप से मंथन किया। (पेज 7 भी देखें)

### खबर संक्षेप

### संघ की 'असली ताकत' निस्वार्थ सेवा की भावना और अनुशासन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



रविवार को कहा कि निस्वार्थ सेवा की भावना और अनुशासन का पाठ ही संघ की असली ताकत है और इसके असंख्य स्वयंसेवकों के हर कार्य में 'राष्ट्र प्रथम' को प्राथमिकता दी जाती है। संघ शताब्दी वर्ष शुरु होने से पहले 1 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस पर सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। दिल्ली के आंबेडकर भवन में संघ पर सिक्का और डाक टिकट जारी होगा। डाक टिकट और सिक्का जारी करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिल्ली सरकार में पहले भी संभाल चुके हैं बड़े पदों की जिम्मेदारी

## आईएएस राजीव वर्मा होंगे दिल्ली के मुख्य सचिव, एक अक्टूबर को संभालेंगे पदभार

- 1992 बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईएएस अधिकारी वर्मा फिलहाल हैं चंडीगढ़ के मुख्य सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजीव वर्मा को दिल्ली का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे मौजूदा मुख्य सचिव धर्मेंद्र की जगह लेंगे, जो 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। गृह मंत्रालय ने रविवार शाम इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि 1992 बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईएएस अधिकारी वर्मा



को चंडीगढ़ से ट्रांसफर कर दिल्ली भेजा जा रहा है और वे 1 अक्टूबर 2025 से कार्यभार संभालेंगे। अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल में वर्मा दिल्ली में परिवहन आयुक्त और मंडल आयुक्त जैसे पदों पर रहे हैं। आईएएस राजीव वर्मा जनवरी 2024 से चंडीगढ़ के मुख्य सचिव के पद पर तैनात थे। उससे पहले वे 2022 से 2024 तक चंडीगढ़ में एडवाइज़र टू द एडमिनिस्ट्रेटर (एडिशनल सेक्रेटरी स्तर) के पद पर रहे। मूल रूप से ▶▶ शेष पेज 5 पर


### बुनियादी ढांचे के विकास को देनी होगी प्राथमिकता

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन के कार्यक्रम में बोले गृह मंत्री- विकास और सुरक्षा दोनों मोर्चों पर लड़ाई

## नक्सलवाद पर निर्णायक कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प : अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, शासन और सामाजिक न्याय के मोर्चों पर भी समानांतर लड़ाई लड़नी होगी। वे यहां आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के "नक्सल मुक्त भारत" विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। शाह ने कहा कि नक्सलवाद भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और इससे निपटने के लिए "निर्णायक, समन्वित और



दीर्घकालिक रणनीति" की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में नक्सलवाद को काफी हद तक सीमित किया है, लेकिन जब तक इसे जड़ से समाप्त नहीं किया जाता, तब तक प्रयास जारी रहेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है, बल्कि यह विकास और शासन से भी जुड़ी चुनौती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रभावित इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही, स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतना और उन्हें शासन की मुख्यधारा से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। शाह ने कहा कि आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन, सैटेलाइट निगरानी और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल नक्सल गतिविधियों पर नज़र रखने और समय रहते कार्रवाई के लिए किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने राज्यों और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है। हमें कठोर सुरक्षा कदमों के साथ-साथ पुनर्वास और पुनर्याप्ति योजनाओं पर भी ▶▶ शेष पेज 5 पर


वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन लेट फ़्री में कन्सेशन के साथ.

अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.

आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू.
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्ष के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़े रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफ़टी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फॉलो करें: LIC India Forever

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC / MI / 2025-26 / 15 / Hin

### कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस को मिली पांच दिन की हिरासत

# छात्राओं के यौन उत्पीड़न का आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती आगरा से अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वसंत कुंज इलाके के एक निजी प्रबंधन संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती (62) को रविवार तड़के आगरा से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उसे दिल्ली लाकर अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस आरोपी बाबा को पांच दिनों की पुलिस हिरासत प्राप्त हुई।

दिल्ली पुलिस के अनुसार एक टीम ने चैतन्यानंद के उत्तर प्रदेश के आगरा में होने का पता लगाया। वह एक होटल में छिपा हुआ था। चैतन्यानंद को देर रात लगभग 3:30 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से एक आईपैड और तीन फोन भी बरामद किए, जिनमें से एक फोन में परिसर और छात्रावास के सीसीटीवी फुटेज थे। इन्हीं के जरिये वह छात्राओं की गतिविधियों पर नजर रखता था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चैतन्यानंद और उनके सहयोगियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से अपनी निकटता का झूठा दावा भी किया। उसके सहयोगियों ने कथित तौर पर कई लोगों को फोन करके दावा किया कि उनके पीएमओ से संबंध हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी कथित तौर पर उत्तर प्रदेश के वृंदावन, मथुरा और आगरा में जगह और होटल बदलता रहा तथा टैक्सियों का इस्तेमाल करता रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह सस्ते होटलों में रुका। इसके पास से फर्जी विजिटिंग कार्ड भी मिले, जिनमें उसे संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) से जुड़ा व्यक्ति, उसका स्थायी राजदूत, ब्रिक्स आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत दिखाया गया था। पुलिस पूछताछ में होटल स्टाफ ने बताया कि चैतन्यानंद 27 सितंबर को शाम करीब चार बजे होटल पहुंचा था। जहां उसे कमरा नंबर 101 दिया गया। वह पूरी रात कमरे में रहा। इससे पहले पुलिस ने चैतन्यानंद से जुड़े कई बैंक खातों और सावधि जमा के रूप में करोड़ रुपये जब्त कर लिए थे।

# काला जठेड़ी गिरोह से जुड़े छह बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने काला जठेड़ी गिरोह से जुड़े एक प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता समेत छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनसे कई अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए गये। गिरफ्त में आये बदमाशों के नाम रोहित उर्फ बच्ची, सतनारायण, राज राहुल, रविंदर उर्फ ढिल्लू, साहिल और हथियार आपूर्तिकर्ता सहदेव उर्फ देव बताये गये हैं। गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी के भतीजे नीरज का करीबी सहयोगी रोहित का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और हरियाणा पुलिस निरीक्षक सोनू मलिक पर गोलीबारी सहित करीब आठ मामलों में वह शामिल रहा है।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार नीरज वर्तमान में एक तिहरे हत्याकांड मामले में यमुनानगर जेल में बंद है। नीरज के माध्यम से रोहित का एक खतरनाक आपराधिक गिरोह से संपर्क हुआ। रोहित ने गुपचुप तरीके से गतिविधियों को अंजाम दिया और दिल्ली के आदर्श नगर में एक वित्तीय लेनदेन से जुड़ा कार्यालय खोला। अपने सहयोगियों के साथ मिलकर, उसने स्थानीय विक्रेताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना शुरू किया। इसके साथ ही हरियाणा से झारखंड तक अवैध शराब का परिवहन करने वाले ट्रकों के लिए अवैध संरक्षण गिरोह में भी शामिल हो गया। रोहित अक्सर सोशल मीडिया पर अपने हथियार प्रदर्शित करते हुए और गोलीबारी की गतिविधियों में संलिप्तता वाले वीडियो भी साझा करता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में अपने प्रभाव को और मजबूत करना तथा आपराध जगत के साथ उसके संबंधों को प्रदर्शित करना था। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों पर डकैती, शस्त्र अधिनियम से जुड़े अपराध और दंगे से लेकर पॉक्सो अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि यह गैंग हथियारों की आपूर्ति के नेटवर्क से भी जुड़ा हुआ था और दिल्ली तथा हरियाणा में प्रमुख रूप से सक्रिय था। नौ और 10 सितंबर की दरमियानी रात को पुलिस ने सहदेव को जाल बिछाकर प्रताप नगर से पकड़ा। उसके पास से एक पिस्तौल व तीन कारतूस जब्त किये गये। उससे पूछताछ के आधार पर बाद में साहिल को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से पिस्तौल और कारतूस बरामद हुये। पुलिस को तकनीकी निगरानी से पता चला कि रोहित और उसके साथी नोएडा होते हुए दिल्ली आ रहे थे। इसके बाद एक टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 सितंबर को नोएडा-दिल्ली सीमा के पास उनकी कार को रोका और रोहित तथा तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद किये गए।

# मालवीय नगर में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के आरोप में पिता-पुत्र अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मालवीय नगर इलाके के एक पार्क में हुई प्रॉपर्टी डीलर की हत्या नौ साल पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। दक्षिण जिले की स्पेशल स्टाफ द्वारा गिरफ्तार पिता पुत्र ने पूछताछ में यह बात कही। पुलिस ने करीब 55 किलोमीटर के इलाके में लगे 650 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों और उन्नत तकनीकी निगरानी के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया कि नौ साल पहले मृतक ने मुख्य आरोपी पर शारीरिक हमला किया था, जिससे वह नौ महीने तक बिस्तर पर पड़ा रहा था। इसके साथ ही आरोपी ने अपने बेटे के बालिग होने से ठीक एक दिन पहले इस हत्या की योजना को अंजाम दिया, ताकि वह किशोर कानूनों का लाभ उठा सके।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 26 सितंबर को विजय मंडल पार्क, बेगमपुर, मालवीय नगर में लखपत सिंह (56) पुत्र भरत सिंह की बाइक सवार दो हमलावरों ने क्रिकेट के बल्ले और गोली मारकर हत्या की थी। घटनास्थल से क्रिकेट का टूटा बल्ला भी मिला था। एम्स ले जाने पर प्रॉपर्टी डीलर को मृत घोषित कर दिया गया था। जांच के दौरान आस-पास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की गई। पता चला कि दो अज्ञात व्यक्ति एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर घटनास्थल पर पहुंचे थे। विजय मंडल पार्क के बाहर पीड़ित का इंतजार किया और बाद में पार्क के अंदर उसका पीछा किया, जहां उन्होंने क्रिकेट बैट और गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी। आरोपियों ने अपने चेहरे ढके हुए थे और अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी। पूछताछ में पता चला कि मृतक के इलाके में कई मुकदमे और विवाद थे। ऐसे सभी मामलों और शिकायतों का विवरण एकत्र किया गया और उनकी जांच की गई। आखिर में 2016 के एक केस का विवरण खंगालने पर पता चला कि मृतक लखपत कटारिया उर्फ लक्खी ने अपने साथियों के साथ मिलकर खुशी राम नामक व्यक्ति पर शारीरिक हमला किया था। उससे खुशीराम को गंभीर चोटें आई थी और वह लगभग नौ महीने तक बिस्तर पर पड़ा रहा। मृतक लखपत और उसके भाई धर्मेंद्र और अन्य के खिलाफ मालवीय नगर थाने में केस दर्ज हुआ था। धर्मेंद्र की शिकायत पर खुशी राम, उसके भाई मान सिंह और उसके बेटे प्रवीण के खिलाफ एक क्रॉस-केस भी दर्ज किया गया था। तब से दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी चल रही थी। इस पहलू की गहनता से जांच की गई और सभी जुड़े व्यक्तियों की सीडीआर का विस्तार से विश्लेषण किया गया। हमलावरों के रूट की दिशा और सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि आरोपी खुशी राम, जो वर्तमान में बाहरी दिल्ली के औचंदी गांव का निवासी है, इस घटना में शामिल था। सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर विश्लेषण के आधार पर मृतक के साथ खुशी राम की पिछली दुश्मनी को देखते हुए, उसकी संलिप्तता का पता चला। संबंधित अवधि के दौरान उसका मोबाइल फोन भी बंद पाया गया। तकनीकी निगरानी के आधार पर खुशी राम और उसके नाबालिग बेटे को पकड़ लिया गया। खुशी राम मालवीय नगर थाने के ही चार मामलों में शामिल पाया गया है। लगातार पूछताछ के दौरान, आरोपी खुशी राम ने खुलासा किया कि मृतक लखपत, उसके भाई धर्मेंद्र और अन्य लोगों ने उसके मकान की बिक्री के विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट की थी।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग फ्रॉड रैकेट में शामिल आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 34 लाख की ठगी में था शामिल

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने क्रिप्टो ट्रेडिंग धोखाधड़ी रैकेट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। करनाल निवासी नरेश की संलिप्तता 34 लाख की ठगी के केस में पाई गई थी। आरोपी कॉइन-एक्स क्रिप्टो ट्रेडिंग नाम से धोखाधड़ी कर रहे थे। इसके कई बैंक खातों में नौ लाख का पता चला है। संगठित साइबर धोखाधड़ी गिरोहों के लिए खाताधारक के रूप में काम करने के आरोप में इसे गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार आरोपी ने नरेश ट्रैक्टर वर्कशॉप के नाम पर 10 चालू बैंक खाते अंतरराज्यीय साइबर सिंडिकेट को उपलब्ध कराए थे। इन खातों से पीड़ितों के धन को कई माध्यमों से डायवर्ट और लॉनड्रिंग करने में मदद मिली। क्रिप्टो ट्रेडिंग और उच्च-रिटर्न योजनाओं के झूठे वादों के साथ निवेशकों को लुभाकर सिंडिकेट ने एक पीड़ित से लगभग 34 लाख की ठगी की थी। इस गिरफ्तारी ने संगठित साइबर धोखाधड़ी के गहरे गठजोड़ को उजागर किया है और देशभर में अनजान लोगों को ठगने के लिए दुरुपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण वित्तीय पाइपलाइनों को बाधित किया है। नरेश का एक खाता 13 एनसीआरपी शिकायतों से जुड़ा पाया गया। साइबर ठग लोगों से फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपर्क करते थे। उन्हें कॉइन-एक्स क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश करने का लालच दिया जाता था। इसके बाद उन्हें हेरफेर किए गए ऑनलाइन समूहों में जोड़कर आगे निवेश करने के लिए राजी किया जाता था। जब पीड़ितों ने पैसे निकालने की कोशिश की तो धोखेबाजों उनका भुगतान ब्लॉक कर देते थे। आरोपी नरेश ने सिंडिकेट को कई बैंकों के 10 चालू बैंक खाते उपलब्ध कराए, जिसके बदले में उसे प्रति खाता 30 हजार का मासिक भुगतान मिलता था।

### वर्ष 1992 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव वर्मा दिल्ली के मुख्य सचिव नियुक्त



नई दिल्ली। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव वर्मा को दिल्ली का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। रविवार को जारी एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। वह वर्तमान मुख्य सचिव धर्मेंद्र का स्थान लेंगे, जो 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होंगे। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्ष 1992 बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईएएस अधिकारी राजीव वर्मा को चंडीगढ़ से दिल्ली स्थानांतरित किया गया है। वह 1 अक्टूबर 2025 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। चंडीगढ़ आने से पहले वर्मा पुडुचेरी में मुख्य सचिव के पद पर तैनात थे और मूलतः उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इन्होंने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से वास्तुकला में डिग्री हासिल की है और दिल्ली स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर से शहरी डिजाइन में स्नातकोत्तर की डिग्री ली है। वर्मा अब दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ काम करेंगे। वर्मा ने दिल्ली के परिवहन विभाग में भी महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। साथ ही राजधानी के अन्य विभागों में सचिव और अतिरिक्त सचिव स्तर के पदों पर काम करने का अनुभव है। अपने तीन दशक लंबे नौकरशाही करियर में, वर्मा ने केंद्र सरकार में रक्षा मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय जैसे विभागों में अहम पदों पर भी काम किया है। राजीव वर्मा का जन्म 1966 में यूपी में हुआ। उन्होंने रुड़की यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक और आईआईटी से एमटेक किया है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफल होने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग 1994 में आइजोल में एसडीएम के तौर पर हुई। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी वर्मा ने 2018 से 2022 तक दिल्ली सरकार में वित्त एवं राजस्व सचिव के रूप में भी कार्य किया।

# एक करोड़ रुपये के आभूषण लूटने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य जिले के स्पेशल स्टाफ ने प्रगति मैदान इलाके में भैरों मंदिर के निकट दो व्यक्तियों से लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण लूटने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों के नाम प्रदीप, काकू उर्फ जय मलिक और विष्णु बताये गये हैं। इनके पास से 37.061 किलोग्राम चांदी, 200 ग्राम शुद्ध सोना (229 ग्राम 22 कैरेट), नकद राशि 1,86,000, एक बलेनो कार, एक स्कूटी और एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

डीसीपी निधि वलसन के अनुसार घटना 24 सिंतबर को तब हुई थी, जब आभूषण की दुकान पर काम करने वाले शिवम कुमार यादव (28) और राघव (55) स्कूटर पर 500 ग्राम सोने और 35 किलोग्राम चांदी के सामान से भरे दो बैग लेकर चांदनी चौक से भैरों मंदिर की ओर जा रहे थे। पुलिस के अनुसार जैसे ही वे मंदिर के पार्किंग क्षेत्र के पास पहुंचे मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने कथित तौर पर उन्हें रोक लिया और पिस्तौल दिखाकर लूट लिया। घटना की सूचना मिलने पर तिलक मार्ग थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और केस दर्ज किया। केस की जांच में मध्य जिले का स्पेशल स्टाफ शामिल किया गया। आरोपियों की पहचान करने और उनके रास्ते का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसके बाद दो लुटेरे समेत तीन लोगों को अरेस्ट कर लिया गया।

# दुकानों से गहने चुराने वाला दम्पति दबोचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने ग्राहक बनकर राष्ट्रीय राजधानी की दुकानों से कथित तौर पर गहने चोरी करने वाले एक दम्पति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी राजीव (35) और उसकी पत्नी सान्या (34) के रूप में हुई है। दोनों को नशे की लत है। पुलिस ने बताया कि इस साल अप्रैल से दोनों ने बुराड़ी, पश्चिम विहार, आईएसबीटी मोनेस्ट्री मार्केट, लाजपत नगर, खान मार्केट और द्वारका में कम से कम सात चोरियां की हैं, जिनमें से तीन के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों ने एक विशेष तरीका इस्तेमाल किया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा कि राजीव दुकान के मालिकों को बातचीत में उलझाए रखता, जबकि सान्या जल्दी-जल्दी गहनों को जेब में रख लेती। पकड़े जाने से बचने के लिए वे समय-समय पर अपनी वेशभूषा और फोन नंबर बदलते रहते थे। अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी द्वारका में जुलाई में एक गहनों की दुकान पर चोरी होने की शिकायत मिलने पर जांच के दौरान उनकी गिरफ्तारी की गई। उन्होंने कहा कि शिकायत पर कार्रवाई के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें एक दम्पति दुकान में घुसकर गहने चुराते हुए दिखाई दिया। बाद में कैब बुकिंग के जरिये उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई, जिससे पुलिस को संदिग्धों तक पहुंचने में मदद मिली। तकनीकी निगरानी के आधार पर छापेमारी कर दम्पति को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कहा कि दोनों के कब्जे से सोने की एक अंगूठी, सोने का एक झुमका, सोने का एक लॉकेट और 8000 रुपये नकद बरामद किया गया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि पंजाब में वित्तीय असफलता मिलने के कारण दोनों को नशे की आदत लग गई और अपने जीवनयापन के लिए उन्होंने दिल्ली में गहनों की दुकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने कालकाजी में 'कैश-फॉर-गोल्ड' आउटलेट पर चोरी किए हुए सामान को बेचने की बात कबूल की है। अब तक इस दम्पति की कोई पूर्व आपराधिक संलिप्तता नहीं पाई गई है। पुलिस ने आगे कहा कि चोरी किए गए सामानों को खरीदने वाले आउटलेट और खरीदारों का पता लगाने के लिए

# दो स्कूलों और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में दो स्कूलों को रविवार सुबह बम की धमकी वाले ईमेल मिले। पुलिस और अन्य एजेंसियों ने मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया और जांच के बाद इसे झूठी सूचना बताया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और कुतुब मीनार के पास स्थित सर्वोदय विद्यालय को धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुये थे। इसके बाद पुलिस, अग्निशमन कर्मी और बम निरोधक इकाइयों को संबद्ध स्कूलों में तलाशी अभियान चलाने के लिए भेजा गया। हालांकि, घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके अलावा इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी धमकी मिलने की बात कहीं जा रही है। एयरपोर्ट और अन्य संस्थानों को मिले ईमेल में दावा किया गया कि स्कूल और हवाई अड्डे के प्रशासन के आसपास बम रखे गए हैं और 24 घंटे के भीतर कार्रवाई न करने पर खून का तालाब बन जाएगा। ईमेल भेजने वाले ने खुद को 'टेरराइजर्स 111' नामक आतंकी समूह का नेता बताया। मामले की गहन जांच की जा रही है। हाल के महीनों में शहर के शैक्षणिक संस्थानों में बार-बार बम धमकियों की खबरें सामने आई हैं।

### 'नवरात्र पर पहली बार युवाओं की भरपूर भागीदारी दिल को छू रही है'

# दिल्ली में विकास की बयार के साथ-साथ सांस्कृतिक उत्सव की सुगंध भी बिखरी हुई : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नवरात्र और दुर्गा पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार अनेक कार्यक्रमों में भागीदारी कर रही हैं और उन्हें लग रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली में विकास की बयार के साथ-साथ सांस्कृतिक उत्सव की सुगंध भी बिखरी हुई है। उनका कहना है कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि पूरी दिल्ली में रामलीलाएं आयोजित की जा रही हैं तो दुर्गापूजा, डांडिया व गरबा नृत्य भी एक-साथ चल रहे हैं। अब तो ओणम पर्व भी आयोजित हो रहे हैं तो दक्षिण भारत का फूलों से जुड़ा पर्व 'बथुकम्मा' भी अपनी 'सुगंध' बिखेर रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इन आयोजनों में युवाओं की भागीदारी दिल को छू रही है। पहली बार दिल्ली के युवा ऐसे पर्व में उमंग व उल्लास से भरे दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार ऐसे कार्यक्रमों में जाकर उनका उत्साह बढ़ता है, साथ ही आनंद भी मिलता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार की रात विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों में भाग लिया। इसके अलावा वह रोजाना रामलीलाओं में जाकर प्रभु श्रीराम की वंदना भी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे 'सेवा पखवाड़े' में दिल्ली सरकार के नेतृत्व में पूरी दिल्ली में विकास के काम चल रहे हैं। इनमें मल्टीलेवल पार्किंग और एशिया के सबसे बड़े एसटीपी जैसी योजनाओं का उद्घाटन भी शामिल है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि प्रधानमंत्री राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए दिल्ली सरकार की हर प्रकार से मदद कर रहे हैं, जिसके चलते ही सालों बाद विकास की योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस दौरान एक और बदलाव उन्हें जज्बाती बना रहा है, वह है दिल्ली में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोगों का बढ़ता उत्साह, उनकी भरपूर भागीदारी और उनके अंदर राजधानी को एक विशेष पहचान दिलाने की ललक अब साफ महसूस की जा सकती है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि कल शनिवार को इसी कड़ी में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय कैंपस में दो सांस्कृतिक उत्सवों में भागीदारी की। इनमें रग्बी ग्राउंड में डांडिया व गरबा नाइट और रामजस कॉलेज में तेलंगाना राज्य के प्रसिद्ध बथुकम्मा उत्सव। दिल्ली के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब देश की राजधानी में सुदूर प्रदेशों के पर्व इतने अधिक उमंग व उत्साह से मनाए जा रहे हैं और इनमें युवाओं की भागीदारी विशेष पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना राज्य के प्रसिद्ध बथुकम्मा के बारे में भी बताया और कहा कि श्रद्धा, आत्मीयता व उमंग से भरा यह पर्व पहली बार आयोजित हो रहा है।

# 17 साल से पक्का होने का इंतजार कर रहे हैं निगम कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ निगम मुख्यालय में धूल फांक रही है नियमितिकरण की फाइल

दिल्ली नगर निगम की लापरवाही से पिछले 17 साल से इंजीनियरिंग विभाग के करीब 150 कर्मचारी पक्के नहीं हो पाए हैं जिसके चलते वे मानसिक रूप से काफी परेशान हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर इंजीनियरिंग विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि सफाई कर्मियों पर निगम प्रशासन ज्यादा ध्यान दे रहा है जबकि हम कर्मचारियों पर नहीं। वर्ष 2006 से 2009 के बीच नियुक्त हुए करीब 150 दैनिक वेतनभोगी / मस्टरोल सभी कर्मचारी आज भी नियमित होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि उनका हक 17 साल पहले ही मिल जाना चाहिए था। उन्होंने बताया कि दरअसल, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने 23 फरवरी 2022 को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत 11 अप्रैल, 2006 से 31 मार्च, 2009 तक लगे सभी मस्टरोल कर्मियों को एक नीति के तहत नियमित करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। आदेश जारी होने के 10 दिन के भीतर तीनों नगर निगमों का एकीकरण कर दिया गया और फिर यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। बताया गया कि स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त को इंजीनियरिंग विभाग के 11 अप्रैल 2006 से 31 मार्च 2009 तक नियुक्त सभी दैनिक वेतनभोगी मस्टरोल कर्मियों को आगामी दीपावली से पूर्व जल्द पक्का किए जाने के लिए पत्र भी लिखा है। एकीकृत निगम में विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार को उस समय सदन और स्थायी समिति की शक्तियां प्राप्त थीं और उनके कार्यकाल में इस प्रक्रिया को लागू करने की दिशा में कदम भी उठे। मगर प्रशासनिक टालमटोल के चलते अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। हकीकत यह है कि 10 अप्रैल 2006 तक नियुक्त सभी मस्टरोल कर्मियों को नियमित कर दिया गया है, लेकिन 11 अप्रैल, 2006 से 31 मार्च, 2009 तक लगे कर्मियों के साथ खुला भेदभाव हुआ है।

## यमुनापार को मिली दो सौगात

# सीएम रेखा गुप्ता ने 300 देवी बसें और छह लेन का फ्लाईओवर जनता को किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली दिल्ली ने रविवार को यमुनापार को दो बड़ी सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज ईस्ट विनोद नगर बस डिपो से डीटीसी की 300 नई इलेक्ट्रिक देवी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं यमुनापार में ही नंद नगरी से गगन सिनेमा तक 6 लेन के फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। करीब 180 करोड़ की लागत से बने इस फ्लाईओवर से प्रतिदिन एक लाख से ऊपर वाहनों की आवाजाही होगी और यातायात स्मूथ रहेगा। डीटीसी की 300 नई देवी बसों वाले भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (कॉरपोरेट मामले, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) व स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह, विधायक रविन्द्र नेगी, रवि कांत, दिल्ली परिवहन निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित नंद नगरी से गगन सिनेमा तक के 6 लेन फ्लाईओवर के लोकार्पण कार्यक्रम में उत्तर-पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुनापार को यह दो बड़ी सौगातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत मिली है। इन 300 बसों को सड़कों पर उतारा तो गया ही है साथ ही उनके रूट भी युक्तिसंगत बनाए गए हैं ताकि पूरे यमुनापार तक इन बसों की पहुंच बनी रहे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक नए युग की शुरुआत हुई है। हमारी सरकार ग्रीन दिल्ली-क्लीन दिल्ली का लक्ष्य पूरा करने के लिए साफ-सुथरी, सस्ती और सुलभ परिवहन व्यवस्था देने को प्रतिबद्ध है। रूटों को आईआईटी दिल्ली ने युक्तिसंगत बनाया है। अब यात्रियों की उपलब्धता के आधार पर बसों को चलाया जाएगा। अब न जनता को परेशानी होगी और न ही डीटीसी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले एक-डेढ़ साल के भीतर दिल्ली की सभी सार्वजनिक परिवहन बसों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदल दिया जाए। ईवी संचालित बसे चलने से प्रदूषण में बेहद कमी आएगी और पूरा शहर ग्रीन एनर्जी से संचालित होगा। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते ग्यारह सालों के भ्रष्टाचार और लापरवाही को सुधारने में थोड़ा तो वक्त लगेगा। हम हर हाल में राजधानी को विकसित दिल्ली बनाकर रहेंगे।

- बॉर्डर एरिया से लेकर हर क्षेत्र के अंतिम छोर तक बसों की होगी कनेक्टिविटी : रेखा गुप्ता

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री (कॉरपोरेट मामले, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में राजधानी दिल्ली के सभी विधानसभाओं और वार्डों में विकास का तेजी से हो रहे हैं, जबकि पिछले 10-11 सालों में आम आदमी पार्टी की सरकार और उनके विधायकों तक ने अपने क्षेत्रों के विकास के लिए भी कुछ भी काम नहीं किया। यहां तक की जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए भी विकास का कोई काम नहीं हुआ।

### ट्रांस-यमुना क्षेत्र में करीब 21 नए रूट बनाए गए : डॉ. पंकज

परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रविवार को यमुनापार के लोगों को 300 इलेक्ट्रिक बसों सुविधा प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांस-यमुना क्षेत्र से पहली बार युक्तिसंगत रूटों का उद्घाटन हुआ है। इस प्रक्रिया के तहत ट्रांस-यमुना क्षेत्र में करीब 21 नए रूट बनाए गए हैं, ये बसें 625 बस स्टॉप से होकर गुजरेंगी। रूट रेशनलाइजेशन की शुरुआत हमारी सरकार ने पहली बार की है और हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि पूरी दिल्ली में रूट रेशनलाइजेशन को सही तरीके से लागू करने के लिए विस्तृत रूप से अध्ययन का काम जारी है। रूट रेशनलाइजेशन के जरिए सभी मार्गों का पुनर्गठन किया जाएगा, ताकि लास्ट माइल कनेक्टिविटी के साथ दिल्ली के हर कोने तक बसें पहुंच सकें।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे उद्घाटन

# दिल्ली भाजपा को मिला अपना नया प्रदेश कार्यालय : सचदेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के लंबे संघर्ष और इंतज़ार का सफर अब पूरा होने जा रहा है। आज, सोमवार 29 सितम्बर को सप्तमी नवरात्र के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली भाजपा के नए भव्य कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत भी थी। सचदेवा ने कहा कि यह सिर्फ एक कार्यालय नहीं बल्कि "संस्कार केंद्र" है, जहां कार्यकर्ताओं का संस्कार और विचारधारा का पोषण होगा। उन्होंने कहा कि यह पल पार्टी के इतिहास में स्वर्णिम क्षण साबित होगा। सचदेवा ने बताया कि भाजपा का पहला कार्यालय अजमेरी गेट में खुला था, उसके बाद रकाबगंज रोड और फिर लगभग 35 वर्षों तक 14 पंडित पंत मार्ग से संगठन का संचालन हुआ। अब यह सफर पार्टी के अपने निजी भवन—दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित नए कार्यालय तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की दूरदर्शी योजना के अंतर्गत ही यह सपना साकार हुआ। आज न केवल प्रदेश कार्यालय अपने भवन में खड़ा है बल्कि दिल्ली भाजपा के सभी 14 संगठनात्मक जिलों के पास भी अपने निजी कार्यालय हैं।

कार्यालय उद्घाटन के इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अनेक वरिष्ठ नेता, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद और हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह भवन कार्यकर्ताओं की इच्छाशक्ति, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है।

# 300 साल पुराने गांव पूर्वी मेहराम नगर में एक भी घर को उजड़ने नहीं देगी कांग्रेस : यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली एयरपोर्ट के समीप बसे मेहराम नगर गांव को उजाड़े जाने के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मौके पर पहुंचे। यादव न मेहरम नगर के समर्थन में आयोजित हुई दिल्ली के 360 गांवों की 36 बिरादरी की महापंचायत को संबोधित किया। इस अवसर पर यादव ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और घोषणा की कि कांग्रेस करीब 300 साल पुराने गांव पूर्वी मेहरम नगर में एक भी घर को उजड़ने नहीं देगी। यादव ने कहा कि लाखों झुग्गी झौंपड़ी वालों को बेरहमी से उजाड़ने के बाद भाजपा सरकार अब दिल्ली के ग्रामीणों को अपना निशाना बना रही है। जिसका ताजा उदाहरण पूर्वी मेहरम नगर गांव के निवासियों पर बुलडोजर की लटकती तलवार के रूप में देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि ताजुब्ब की बात है कि अग्रेजों के जमाने से बसे लगभग 300 साल पुराने मेहरम नगर को उजाड़ने की तैयारी क्यों की। उन्होंने संबोधन में कहा कि दिल्ली छावनी के मेहरम नगर में भाजपा की केन्द्र सरकार के बुल्डोजर के खिलाफ आयोजित दिल्ली के 360 गांवों की 36 बिरादरी की महापंचायत को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मैं वादा करता हुं कि 300 साल पुराने मेहराम नगर गांव के एक भी मकान को टूटने नही देंगे। उन्होंने आह्वान किया तोड़फोड़ करने से पहले बुलडोजर को हमारे उपर से होकर जाना होगा। हम कांग्रेस पार्टी के सिपाही अपने नेता राहुल गांधी के आदर्शों, संघर्ष और पदचिन्हों पर चलकर यहां आपके बीच आपसे वादा करते है कि आपकी इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक लेकर जाऐंगे। उन्होंने कहा कि आज महान स्वतंत्रता सैनानी शहीद भगत सिंह का जन्म दिन है, हमें मौजूदा भाजपा की सरकार के खिलाफ फिर एक बार लड़ाई लड़नी होगी। क्योंकि भाजपा का व्यवहार भी अंग्रेजी तानाशाही हूकूमत जैसा ही है। महापंचायत को प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ कांग्रेस कमेटी के सचिव अभिषेक दत्त, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता और हरनाम सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय लोचव सहित अन्य छोटे बड़े नेता मौजूद थे। यादव ने कहा कि राहुल गांधी दलितों की आवाज है, जो जहां खड़े हो जाते है कानून बदलने का काम करना शुरु कर देती है। हमारे नेता ने सरकार को घुटनों पर लाने का काम किया है। राहुल गांधी आज देश की आवाज बन चुके है, उनकी यह ताकत है कि जहां खड़े होते है वहां लोगों को न्याय मिलना शुरु हो जाता है।

# 'नमो रन' केवल दौड़ नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में है जन-आंदोलन : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नमो रन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-विकसित दिल्ली' के संकल्प को साकार करने का एक जनआंदोलन है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 'नमो रन' के कार्यक्रम में कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 'सेवा पखवाड़े' के तहत रविवार को राजधानी दिल्ली में 'नमो रन' का विशेष आयोजन किया गया। यह रन 15 विभिन्न स्थानों से शुरू हुई और इसका समापन कनॉट प्लेस स्थित संट्रल पार्क में हुआ। वहां प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए दिल्ल की मुख्यमंत्री ने कहा कि नमो रन ने सिद्ध किया कि दिल्ली की युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में दृढ़ संकल्प और ऊर्जा से परिपूर्ण है। 'विकसित दिल्ली' के संदेश के साथ आयोजित इस 'नमो रन' में 7 हजार 500 से अधिक बच्चे और युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, सम्बंधित विभागों के अधिकारी, कोच और खेल शिक्षक भी उपस्थित थे। रन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पदक, सर्टिफिकेट और विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### नए भारत के निर्माण का संकल्प लेती युवा पीढ़ी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज दिल्ली की युवा शक्ति, कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में तिरंगे के नीचे बैठकर नए भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए युवाओं को मेहनत करते हुए देश के निर्माण में सक्रिय योगदान देना होगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि आज शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती है, जिन्होंने मात्र 23 वर्ष की उम्र में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह का यह अद्वितीय बलिदान हमेशा युवाओं को यह प्रेरणा देता रहेगा कि यह देश उन्हीं का है और इसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर है।

# सीएम ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को ईस्ट विनोद नगर में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, कैबिनेट मंत्री पंकज सिंह, विधायक रविंद्र सिंह नेगी एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम को सुनने के बाद एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति, राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका और कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ये 100 वर्षों की यात्रा हम सभी को गौरवान्वित करती है। अभी हम दुर्गा पूजा का उत्सव मना रहे हैं, और आने वाले दिनों में विजयादशमी, दीपावली, छठ पूजा जैसे प्रमुख पर्वों की भी तैयारी है, जो हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और परंपराओं का सजीव प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने त्योहारों पर हर देशवासी से 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान किया है। आइए, हम सभी प्रधानमंत्री के आग्रह पर स्वदेशी को अपनाएं और आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम बढ़ाएं। नवरात्रि के पावन अवसर पर हम अपनी नारी शक्ति को पूजते हैं।

## मानसून की विदाई के बाद गर्म होती जा रही दिल्ली, तापमान 38 डिग्री से अधिक

नई दिल्ली। रिकॉर्ड बारिश वाले मानसून की विदाई के बाद राजधानी दिल्ली एक बार फिर गर्म होती जा रही है। सितंबर समाप्त होने वाला है बावजूद इसके दिल्ली का अधिकतम तापमान लोगों के पसीने छुड़ा रहा है। रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री का पार कर गया, जबकि उमस ने भी कोई कमी नहीं छोड़ी। उमस व गर्मी की वजह से लोगों का वीकेंड की मस्ती फिकी रही। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान बढ़कर 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री ज्यादा है। वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान भी रूलान में कोई कमी नहीं छोड़ते हुए 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था जो सामान्य से 2.9 डिग्री ज्यादा था। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। लेकिन रविवार को अधिकतम व न्यूनतम दोनों तापमान में और अधिक वृद्धि होने से लोगों को गर्मी व उमस झेलनी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की वापसी के बाद अब दिल्ली में भारी बारिश की फिलहाल कोई गुंजाईश नहीं दिख रही। लेकिन आगामी 30 सितंबर व 1 अक्टूबर को दिल्ली में एक बार फिर हल्की फुल्की बारिश देखने को मिल सकती है। जबकि सोमवार से मौसम करवट बदलने की वजह से अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है।

## उपराज्यपाल ने मुआयना कर रोड़ को जल्द से जल्द सही करने के दिए थे निर्देश

# बुराड़ी की खस्ताहाल सड़कों गलियों से जनता बुरी तरह परेशान, एलजी के निर्देश भी हो रहे गरदा-गरदा

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली



बुराड़ी विधानसभा अंतर्गत अधिकांश कालोनियों, गांव व जे जे कॉलोनी में सड़कों, गलियों, नाले नालियों, सीवर की बदहाल व्यवस्था से जनता गत 5-6 वर्षों से ज्यादा समय से बुरी तरह परेशान है। बुराड़ी मुख्य 100 फुटे मार्ग पर चल रहे डीप सीवर लाइन बिछाने का कार्य अब बुराड़ी की लाखों जनता के लिए अभिशाप बन चुका है। खुद उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस रोड का मौका मुआयना किया था और दुख प्रकट करते हुए निर्देश दिए थे कि रोड़ को जल्द से जल्द सही किया जाए। एलजी के दौरे के बाद बुराड़ी वालों को सच में लगने लगा था कि अब तो सड़क चकाचक होगी, आराम से आना जाना होगा, सब कुछ बदल जाएगा। लेकिन यह भी सपना जल्द ही टूट गया, आज अगर एक बार फिर एलजी साहब आकर देखे तो सही की उनके निर्देश कैसे गरदा गरदा उड़ रहे है। आप देखकर भी नहीं बता सकते कि बुराड़ी 100 फूटे मार्ग की सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है। यकीन मानने की बात नहीं है लेकिन इस मार्ग पर दो से तीन फूट के गड्ढे आपका पूरा शारीरिक तंत्र बिगड़ देंगे। अब तो लोग यहां तक कहने लगे है कि किसी गर्भवती महिला की डिलीवरी नहीं हो रही हो तो उसे बुराड़ी रोड पर एक बार यात्रा करवा दो बस। सबसे बड़ी बात यह है कि दिल्ली के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में शुमार बुराड़ी अस्पताल भी इसी रोड पर स्थित है। जहां रोजाना दर्जनों एंबुलेंस मरीजों को लेकर आती जाती है। लेकिन टूटी सड़कें, अवैध पार्किंग के चलते लगे जाम में फंसकर रह जाती है। कई बार तो जाम में घंटो लोग फंसे रहते है। इसी रोड पर बुराड़ी थाना भी है जिसका न अवैध पार्किंग से मतलब है न अवैध तरीके से घेर चुके फुटपाथों को खाली कराने से मतलब है और न ही जाम को खुलवाने से कोई सरोकार नजर आता है। यदाकदा एक दो पुलिस वाले खड़े होते है लेकिन वो कहां और क्यों खड़े होते है यह बताने की बात नहीं सबको पता है। यहां से आम आदमी पार्टी के लगातार तीसरी बार विधायक बने संजीव झा समय समय लोगों को आश्वासन जरूर देते है कि बहुत जल्द कार्य समाप्त होगा लेकिन कब होगा यह शायद विधायक को पता नहीं है। वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह कार्य नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत का जीवंत उदाहरण है जिसे कोई भी आकर देख सकता है। बुराड़ी थाने के पास से शुरू हुआ यह कार्य गत लगभग छह वर्ष में बुराड़ी गांव को भी पार नहीं कर पाया है। आज भी सड़क के दोनों और सीवर निर्माण का कार्य चल रहा है। यहां इतनी लापरवाही बरती जा रही है कि चारों तरफ धूल ही धूल नजर आती है। हालत इतनी खराब है कि बुराड़ी बाईपास से बुराड़ी अस्पताल तक पहुंचना मिनटों का नहीं घंटो का सिरदर्द बन जाता है। स्थानीय सांसद मनोज तिवारी सहित वर्तमान में कई भाजपा के पार्षद भी यहां से प्रतिनिधित्व करते है।

वहीं सिविल लाइन जोन के चैयरमैन गुलाब सिंह राठौर का चुनावी क्षेत्र व निवास भी यहीं है। जबकि स्थानीय विधायक संजीव झा तो चौथी बार चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व कर ही रहे है। सिविल लाइन के पार्षद अनिल त्यागी ने सिविल लाइन का चेयरमैन रहते हुए इस रोड़ को लेकर कुछ हलचल जरूर की लेकिन कामयाब नहीं हुए। अब बुराड़ी के लोगों ने इसे अपनी नियति समझ लिया है, इसलिए ही चुप रहते है।

# रेबीज दिवस पर आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने दिया धरना




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रेबीज दिवस के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के नेतृत्व में राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर एनसीआर (दिल्ली, फरीदाबाद, गाज़ियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम) से आए सैकड़ों आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने धरना दिया। धरने में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का यह कहना था कि देशभर में 12 करोड़ से अधिक आवारा कुत्ते खुलेआम घूम रहे हैं। यदि सरकार इनका स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन भी करा दे, तब भी यह 12 करोड़ कुत्ते सड़कों पर काटने और रेबीज फैलाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। इस गंभीर मुद्दे पर अपनी चिंता साझा करते हुए विजय गोयल ने कहा कि सरकार ने घोषणा की थी कि वर्ष 2030 तक भारत को रेबीज फ्री बनाया जाएगा, लेकिन जिस गति और तादाद में कुत्तों के काटने के केस सामने आ रहे हैं, उससे तो यह लक्ष्य असंभव प्रतीत होता है।

**खबर संक्षेप**

### वाहन चोरी के मामले में दो आरोपी पकड़ाए

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बार्डर की टीम ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने बताया कि तैयब हुसैन निवासी गांव तिलपत फरीदाबाद ने थाना पल्ला में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने मोटरसाइकिल को स्टेडियम के बाहर खड़ी किया था। जिसे कोई नामपता नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया। जिस संबंध में थाना पल्ला में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



### 27 लाख रुपए ठगी करने वाले 2 आरोपी धराए

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर 270000 रुपए ठगी का मामले में साईबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में बल्लभगढ निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया जिससे उसे टेलिग्राम से जोडा गया और जहां उसे होटल की रेटिंग करके पैसे कमाने बारे बताया गया। जिसके बाद उसे पैड टास्क करने को दिये गए। जिसके बदले उससे ठगों ने खाता में 2,70,000 रूपए डलवा लिये।



### ठगी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के जरिए पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में साईबर थाना एनआईटी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी में फ्रेंडस कॉलोनी फरीदाबाद के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके फोन पर 27 मार्च को पार्ट टाइम जॉब के लिए मैसेज आया। जिसके बाद उसने ठगों से बात की और उन्होंने उसे टेलिग्राम पर जुडने की बात कही, जिस पर ठगों ने उसे गुगल मेप की रेटिंग का टास्क दिया।



# ताइवान एक्सपो इंडिया में अगली पीढ़ी की तकनीकों को किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन ने ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 में स्मार्ट इनोवेशन्स का अनावरण थीम के तहत ग्रैंड प्रोडक्ट लॉन्च सेशन की मेजबानी की। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर में मशहूर आठ ताइवानी ब्रांड्स—किमेई मोटर, साइप्रेस, प्रोसेंड, लॉरिक, इपेवो, केंडा, एमएसआई और ज़ाइक्सेल ने विश्व-स्तरीय तकनीकों का प्रदर्शन किया। जो भारत की आईसीटी, स्मार्ट हेल्थकेयर और लाइफस्टाइल, औद्योगिक समाधान, आधुनिक गैजेट्स, और भविष्य के परिवहन की प्राथमिकताओं में तेजी लाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस लॉन्च ने ताइवान की ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण इनोवेशन पार्टनर के रूप में स्थिति को मजबूत किया। इस सेशन में एआई-आधारित परिवहन, अगली पीढ़ी की नेटवर्किंग, शानदार सहयोग, स्मार्ट हेल्थकेयर, और औद्योगिक ऑटोमेशन में विश्व-स्तरीय समाधानों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ब्रायन ली, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, टीएआईटीआरए, ने कहा कि स्मार्ट इनोवेशन का अनावरण' थीम दिखाती है कि तकनीक उद्योगों को नया रूप दे रही है। जीवनशैली को बदल रही है, और भारत के डिजिटल विकास को शक्ति दे रही है। भारत के तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण, ताइवान एक्सीलेंस को आईसीटी, स्मार्ट लिविंग, मोबिलिटी और हेल्थकेयर में अत्याधुनिक और बाजार के लिए तैयार समाधान लाने पर गर्व है। हमें मिला उत्साहपूर्ण समर्थन भारत-ताइवान संबंधों की मजबूती और स्मार्ट भविष्य के लिए हमारी साझा सोच को दर्शाता है। इस साल, हम प्रमुख ताइवानी ब्रांड्स से आठ नए नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं, जो भारत के विकास में हमारी लंबे समय की प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं।

**प्रदर्शनी का उद्देश्य भविष्य के परिवहन की प्राथमिकताओं में तेजी लाना**

### प्रदर्शनी से भारत-ताइवान की साझेदारी बढ़ेंगी

*वहीं एस्टेला चेन, ताइपेई इकोनॉमिक एंड कल्चरल सेंटर इन इंडिया, इकोनॉमिक डिवीजन की डायरेक्टर, ने कहा, भारत और ताइवान खुली अर्थव्यवस्थाओं, मजबूत सप्लाई चेन और पर्यावरण के अनुकूल विकास के दृष्टिकोण को साझा करते हैं। विश्वसनीय साझेदारों के रूप में, हम डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्मार्ट सिटी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि इससे भारत-ताइवान की बढ़ती साझेदारी का पता चलता है। यह ताइवानी उद्यमों की भारत के विकास में विश्व-स्तरीय और प्रासंगिक प्रोडक्ट्स से सहयोग करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है।*

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा

# मोदी सरकार की ऐतिहासिक आर्थिक नीतियों से भारत का वैश्विक उदय हुआ है : मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह में कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है। 2014 से पहले का कालखंड आपने देखा है देश का क्या हाल था, चारों तरफ भ्रष्टाचार और लूट का बोलबाला था और देश कि वितीय हालत खराब थी।

मोदी जी ने राष्ट्र प्रथम कि सोच के साथ कार्य कर देश विकास के पथ पर को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में आज भारत न केवल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी आर्थिक नीतियों और सुधारों के कारण विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। मोदी सरकार की ऐतिहासिक आर्थिक नीतियों से भारत का वैश्विक उदय हुआ है। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी को अपनाकर ही हम दुनिया की महाशक्ति बनेंगे। आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की निर्णायक भूमिका है। भारत अब सुनता नहीं, बल्कि सुना जाता है। यह युग भारत के जन-जन को सशक्त करने का युग है। यह मोदी जी का नया भारत है, सक्षम, सजग और स्वाभिमानी भारत। मोदी जी के नेतृत्व में भारत फिर से विश्वगुरु बनने की ओर निरंतर अग्रसर है।

मोदी जी का कालखंड विकास, पारदर्शिता, सुशासन और जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाला युग आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी को अपनाकर ही हम दुनिया की महाशक्ति बनेंगे



### जीएसटी बचत उत्सव, मोदी जी का जनता के लिए दिवाली का 2.5 लाख करोड़ का तोहफाः सीमा त्रिखा

*पूर्व शिक्षा मंत्री एवं लोकसभा संयोजक नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स सीमा त्रिखा ने अपने संबोधन में कहा कि जीएसटी बचत उत्सव प्रधानमंत्री मोदी का जनता के लिए दिवाली का 2.5 लाख करोड़ का तोहफा है, इससे न केवल व्यापार जगत को मजबूती मिलेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। मोदी जी ने रिफॉर्म्स कर दवाएं, डायग्नोस्टिक उपकरणों पर टैक्स घटा दिया है और जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर और रोजमर्रा की जरुरत आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स खत्म कर दिया है। देश के गरीब किसान युवा और महिला सभी वर्गों को इससे लाभ मिलेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य देश के हर नागरिक की जीवन गुणवत्ता में सुधार और 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करना है।*

### सेवा पखवाड़ा में वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे

*सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा फरीदाबाद द्वारा भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में फरीदाबाद के अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षक, व्यापारी, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी और फरीदाबाद के वरिष्ठ बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, महापौर प्रवीण जोशी, जिला महामंत्री चौधरी प्रवीण गर्ग, शोभित अरोड़ा, मूलचंद मित्तल, ओम प्रकाश रक्षवाल, वजीर सिंह डागर, जिला सह संयोजक मदन पुजारा, प्रभा सोलंकी, खुशबू सिंह, प्रभारी विनोद गुप्ता उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद के वरिष्ठ समाजसेवियों संजय शर्मा, गौ सेवक तिलकराज बैंसला, केजी अग्रवाल का उनके सेवा के कार्यों के लिए सम्मानित किया। गुर्जर ने कहा कि मोदी जी का नेतृत्व आज भारत के लिए एक परिवर्तनकारी युग का प्रतीक बन चुका है। वर्ष 2014 से अब तक का कालखंड विकास, पारदर्शिता, सुशासन और जनकल्याण के नए प्रतिमान स्थापित करने वाला युग रहा है। गुर्जर ने कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स नई आर्थिक क्रांति की शुरुआत है। रसोई से लेकर कार तक 99 प्रतिशत सब सस्ता हुआ है और मोदी सरकार ने हर वर्ग के नागरिक को सीधी राहत दी है। कांग्रेस शासन में 17 तरह के टैक्स के माध्यम से 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक टैक्स वसूला जाता था, मोदी जी ने वन नेशन-वन टैक्स के विजन से कांग्रेस की शोषणकारी टैक्स व्यवस्था का अंत करने का काम किया है। हाल ही में लागू हुए जीएसटी 2.0 ने कर संरचना को बेहद सरल बनाया है। अब केवल दो टैक्स स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू हैं। केंद्र सरकार का लक्ष्य आर्थिक सुधारों के जरिए देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। गुर्जर ने कहा कि स्वदेशी आत्मनिर्भरता की नींव है। वोकल फॉर लोकल के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों से स्वदेशी को जीवनशैली बनाने का आह्वान किया है, जो न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को सशक्त कर सकता है बल्कि राष्ट्रीय गौरव और आत्मनिर्भरता की भावना को भी जागृत कर सकती है। यह आह्वान केवल एक नारा नहीं बल्कि भारत को वैश्विक मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प है। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है। स्वदेशी उत्पादों की मांग बढ़ने से देश में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।*

मैराथन का आयोजन

# वर्ल्ड हार्ट डे पर रनफॉरयोरहार्ट यशोदा हाफ मैराथन दौड़े चार हजार लोग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख अस्पतालों में से एक, यशोदा मेडिसिटी ने यशोदा हाफ मैराथन 3.0 का आयोजन किया वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर रन फ़ॉर हार्ट में शहर के चार हजार लोग एक साथ दौड़े। दौड़ में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह,जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार मंदर,यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पीएन अरोड़ा, डॉ. उपासना अरोड़ा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

यह मैराथन यशोदा मेडिसिटी से शुरू होकर एलीवेटेड रोड से होते हुए अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। दौड़ सुरक्षित और सफलतापूर्वक पूरी हुई और प्रतिभागियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर हाइड्रेशन स्टेशन लगाए गए, ऑन-ग्राउंड मेडिकल स्टाफ ने सहयोग दिया और साइडलाइन पर स्वास्थ्य जांच भी की गई। 21.1 केएम श्रेणी (पुरुष और महिला) के विजेताओं को 11,000 का नकद पुरस्कार दिया गया, जबकि प्रथम और द्वितीय रनर-अप को क्रमशः 7,100 और 5,100 मिले। 10 केएम दौड़ में पहला पुरस्कार 7,100, जबकि रनर-अप को 100 और 3,100 प्रदान किए गए। 5 केएम श्रेणी के विजेताओं को 5,100 और प्रथम व द्वितीय रनर-अप को क्रमशः 3,100 और 2,100 रुपए का पुरस्कार मिला। डॉ.अरोड़ा ने बताया कि यह यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स का हाफ मैराथन का तीसरा संस्करण है, जिसका उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य और प्रिवेंटिव केयर के महत्व पर जागरूकता फैलाना है। स्पेशल ओलंपिक्स भारत ने यशोदा मेडिसिटी के इस उद्देश्य के साथ जुड़कर कार्यक्रम का समर्थन किया।

एक जिंदा कारतूस, 1 मोटर साइकल बरामद

# महिला से चेन लूटने वाला दिल्ली का लुटेरा मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। यह लुटेरा पुलिस को गोली से घायल हो गया। उसके कब्जे कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस, पीली धातु की 01 टिक्की व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद किया है।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र में हुई महिलाओं के साथ स्नैचिंग व



लूट की घटनाओं के अनावरण व अपराध की रोकथाम के लिए थाना इन्दिरापुरम पुलिस वसुन्धरा सेक्टर 2 ए पर चैंकिंग कर रही थी। तभी हिंडन पुल की तरफ से आ रही बिना नम्बर प्लेट की एक मोटर साइकिल पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया परन्तु मोटर साइकिल सवार युवक नही रुका तथा मोटर साइकिल पर सवार युवक ने मोटर साइकिल सैक्टर 2 ए ग्राउन्ड की तरफ मोड़ दी, आगे रास्ता न होने के कारण मोटर साइकिल को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल का सन्तुलन बिगड़ गया और मोटर साइकिल फिसलकर गिर गयी । मोटर साइकिल पर सवार व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल पर सवार युवक ने अंटी से तमंचा निकाल कर जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर सीधा फायर कर दिया।

392 शिकायतों का समाधान हुआ

# 12 मामलों का निस्तारण कर 32 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार, 87 लाख रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त साइबर अभिषेक जोरवाल के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्यवाही किए जा रही है, इसी कड़ी में साइबर थानों की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस सप्ताह 32 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार 87,65,800 रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 से 26 सितम्बर तक फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 12 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 32 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 87,65,800 रुपए बरामद किए हैं तथा 392 शिकायतों का निस्तारण कर 4,05,685 रिकवर किए हैं, साथ ही 4,92,300 खातों में फ्रिज कराए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सचिन सोई, रंजना बाकडिया, असकर सिंह, अकांशा, देवेन्द्र शर्मा, निखिल, मधुकर, कुलभूषण, विवेक, अमरेन्द्र, शंकर, रोशन, निवेश, विशाल, रितु, सहीराम, जितेन्द्र, सचिन, शिबुनारायण, नितिन, यश, राजकुमार, बिलाल अरमान, संजय मधुकर मालवीय, संदीप सैनी, सचिन कुमार, धर्मेन्द्र, सोनू शर्मा, गणेश, हनिफ मलिक व मनीष का नाम शामिल है।

कर्मचारियों में एसीपी का लाभ न मिलने से भारी रोष व्याप्त

# हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्य अभियंता को दिया मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद द्वारा एक मांग पत्र के माध्यम से हरियाणा बिजली उत्पादन निगम के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई थी।

मुख्य अभियंता थर्मल पानीपत के सामने रखे गए मांग पत्र में बिजली उत्पादन निगम से सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों को पति-पत्नी के ज्वाइंट फोटो के साथ पेंशन पेमेंट ऑर्डर बुक देने, किसी खाली पद के विरुद्ध भर्ती होने वाले कर्मचारी को एक जनवरी 1986 से संशोधित उस पद के वेतनमान में वेतन दिया गया मानने, किसी पद के विरुद्ध भर्ती होने वाले कर्मचारी को उस पद के 31 दिसंबर 1995 तक के वेतनमान को आधार मान कर एसीपी स्केल का लाभ देने व 30 दिसंबर या एक जुलाई को रिटायर होने वाले कर्मचारी को नोशनल आधार पर पेंशन में वेतन वृद्धि का लाभ देने जैसी मांग रखी गई थी। परंतु निगम के थर्मल पानीपत कार्यालय द्वारा इन समस्याओं के समाधान के लिए आनाकानी की जा रही है। एसोसिएशन द्वारा नियमों के हवाले से एक पत्र भेज कर 30 मई 2025 की मिनिट्स ऑफ मीटिंग पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है। क्योंकि एचसीएस पेंशन रुल 2016 पेंशनर्स को ज्वाइंट फोटो के साथ पीपीओ देने की सुविधा देता है। वेतन आयोग की सिफारिशें किसी स्थाई पद के संबंध के फिक्स्ड पे ओर अन्य पे होल्डर कर्मचारी को उस पद के संशोधित वेतनमान में वेतन देना मानने की सुविधा देती है। 1 जनवरी 1996 से एसीपी स्कीम भी किसी रेगूलर पोस्ट के विरुद्ध फिक्स्ड पे पर भर्ती हुए कर्मचारी को रेगुलर पोस्ट के वेतनमान को आधार मान कर ही एसीपी वेतनमान का लाभ प्रदान करती हैं।

स्व. रेनू गोयल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

परिवार जनों को बंधाया ढांढस, समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्री विपुल गोयल की भाभी के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को फरीदाबाद पहुंचे और हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के आवास पर जाकर उनकी भाभी श्रीमती रेनू गोयल के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्व. रेनू गोयल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में परिवार को धैर्य बनाए रखना चाहिए और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती रेनू गोयल का अचानक इस



दुनिया से चले जाना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उनका निधन न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। स्वर्गीय रेनू गोयल स्नेही, सरल और सौम्य स्वभाव की महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन में सभी के साथ अपनत्व का व्यवहार किया। उनके व्यक्तित्व और कार्यों की स्मृति हमेशा लोगों के हृदय में बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने मंत्री विपुल गोयल व परिजनों को आश्वासन दिया कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज और वे स्वयं उनके साथ हैं।

बता दें कि मंत्री विपुल गोयल की भाभी 65 वर्षीय श्रीमती रेणु गोयल का गत 24 सितंबर को अचानक निधन हो गया था। वे स्व. विनोद गोयल की धर्मपत्नी थी जिनके तीन बच्चे हैं। इस अवसर पर फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव राजीव जेटली, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, फरीदाबाद भाजपा अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ भाजपा के अध्यक्ष सोहन पाल सिंह, मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, पार्षद मुकेश अग्रवाल, सचिन शर्मा, जसवंत पंवार सैनी सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने मंत्री विपुल गोयल के आवास पर पहुंच कर शोक जताया और स्व. रेनू गोयल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर परिवार के सदस्य मंत्री विपुल गोयल के भाई अशोक गोयल, भतीजे अमन गोयल व हितेश गोयल व भतीजी एकता सिंघल आदि मौजूद थे।

### 4 करोड़ की लागत से बनेंगी पंचशील की गलियां: सुधीर नागर

**फरीदाबाद।** भाजपा नेता सुधीर नागर ने कहा कि हमारे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में जोरदार विकास कार्य चल रहे हैं जिसे जनता प्रत्यक्ष देख रही है। हमारे भाई मंत्री राजेश नागर ने जनता से जो वादे किए उन्हें वह पूरी शक्ति के साथ निभा रहे हैं। यह बात भाजपा नेता सुधीर नागर ने बड़े भाई मंत्री राजेश नागर की अनुपस्थिति में चार करोड रुपए के विकास कार्य शुरू करवाते समय कही। उन्होंने बताया कि आज पंचशील कॉलोनी पार्ट एक और दो में एक साथ 88 गलियों के निर्माण का कार्य शुरू करवाया है जिस पर करीब चार करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन गलियों के बनने से उनका हमारी सरकार पर विश्वास और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा आगे बढ़ रहा है।

पुलिस ने छानबीन शुरू की

# विदेशी महिला ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर कंपनी कर्मी से 1.46 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर एरिया में विदेशी महिला ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर कंपनी कर्मी से 1.46 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के सीवान निवासी संजीव कुमार पंडित ने बताया कि वह मानेसर में किराए पर रहता है। वह आईएमटी मानेसर की बूचीर हाइड्रॉलिक्स कंपनी में काम करता है। कुछ दिन पहले उसके पास हनाह कोलेमैन नाम की फेसबुक आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। अकाउंट की डीपी पर एक विदेशी महिला का फोटो लगा हुआ था। महिला ने उसके साथ अपना वॉट्सऐप नंबर शेयर किया और वो चैट करने लग गई। इसके बाद उसने भारत आने का प्लान बनाया। कुछ दिन बाद उसके पास एक कॉल आई जिसमें महिला ने कहा कि वह दिल्ली एयरपोर्ट से बोल रही है। वहीं कॉल ट्रांसफर करते हुए संजीव को बताया गया कि एक विदेशी महिला यहां आई है और उसके पास मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं है। इसको भारत में एंट्री के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना जरूरी होगा। इसके पास पैसे नहीं है, कॉलर ने उसे एक क्यूआर कोड भेजा। जिस पर उसने 61 हजार 700 रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद एक और मोबाइल से कॉल आई कि आपका 50 हजार पाउंड का चेक आया हुआ है, इस भारतीय करेंसी में कन्वर्ट करवाना है तो 29 हजार रुपए की पेमेंट करनी होगी।

# राम मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को ध्वजारोहण समारोह का होगा आयोजन

अयोध्या में 25 नवंबर को मंदिरों के निर्माण की पूर्णता पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में वंचित वर्ग के लोगों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। दस हजार अतिथियों में ज्यादातर अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग शामिल होंगे जो अवध काशी गोरक्ष ब्रज और बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों से आएंगे। यह समारोह वंचित समाज को समर्पित है।

**खास बातें**

- वंचित वर्ग के लोग हो सकते हैं मुख्य अतिथि
- 25 नवंबर को होगा अयोध्या में ध्वजारोहण
- मंदिर निर्माण की पूर्णता का उत्सव

एजेंसी ⏭ अयोध्या

मंदिरों के निर्माण की पूर्णता के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को आयोजित होने जा रहा ध्वजारोहण समारोह भी अविस्मरणीय बनेगा। इसे सर्वस्पर्शी बनाया जाएगा। इसमें ऐसे चेहरों को अतिथि बनाया जा रहा है, जो हर किसी को चौंकाएंगे। आमंत्रित किए जाने वाले दस हजार अतिथियों में अधिकांश अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग से होंगे। इनमें संतों के साथ प्रमुख व प्रभावी व्यक्ति सम्मिलित रहेंगे। ये संघ के पांच प्रांतों यथा अवध, काशी, गोरक्ष, ब्रज व बुंदेलखंड के विभिन्न जनपदों से होंगे। इसमें अयोध्या व अवध क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट से नौ नवंबर 2019 को मंदिर निर्माण के पक्ष में निर्णय आने के बाद रामजन्मभूमि परिसर में 2020 से चल रहा राम मंदिर व पूरक मंदिरों का निर्माण अब लगभग पूर्ण होने को है। मंदिर निर्माण समिति की ओर से तय की गई समयावधि के अनुसार पत्थरों से संबंधित समस्त कार्य अक्टूबर में पूरे होने हैं।



ध्वजारोहण समारोह पूर्णरूपेण वंचित समाज को समर्पित रहेगा

### मंदिरों के शिखर पर सनातन पताका फहराया जाएगा

*निर्माण की पूर्णता पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने ध्वजारोहण समारोह का खाका खींचा है। यह समारोह विवाह पंचमी (राम विवाह) के दिन 25 नवंबर को प्रस्तावित है। इसी अवसर पर राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों के शिखर पर सनातन पताका फहरायी जाएगी। इस आयोजन के लिए अतिथियों की सूची बनाई जा रही है। गत दिनों तीर्थ क्षेत्र भवन में हुई तैयारी बैठक में अतिथियों के नामों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में रहे संघ के एक पदाधिकारी ने कहाकि प्राण प्रतिष्ठा समारोह से समाज का वंचित व गरीब वर्ग नहीं जुड़ सका था।*

### पूर्णरूपेण वंचित समाज को समर्पित रहेगा

*अधिकांश लोगों ने टेलीविजन व अन्य माध्यमों से अपने आराध्य के विग्रह को प्रतिष्ठित होते देखा था। ध्वजारोहण समारोह पूर्णरूपेण वंचित समाज को समर्पित रहेगा। इसमें अवध, काशी, गोरक्ष, ब्रज व बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों से वंचित वर्ग के संतों, प्रमुख व प्रभावी लोगों को बुलाया जा रहा है, जिनकी उपस्थिति समाज को एक अलग संदेश देगी।*

## खबर संक्षेप

### एक लाख का इनामी नईम मुठभेड़ में ढेर



**मुजफ्फरनगर।** खालापार निवासी एक लाख का इनामी नईम मीरापुर व जानसठ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। उसका एक साथी फरार हो गया। मीरापुर थाने में तैनात दीवान कालूराम हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि भूम्मा नहर पुल की तरफ से जा रहे दो बाइकों पर दो संदिग्ध लोगों को रोकना चाहा तो उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई।

### पत्नी को गोली मार पति ने पेट में घोंप लिया चाकू



**बिहार।** बिहार के भागलपुर में एक सनकी पति ने एक ही फायरिंग में पत्नी और बेटी दोनों को गोली मार दी। खुदकुशी की नीयत से उसने अपने पेट में चाकू मार लिया। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। आरोपी को शक था कि उसकी बीवी का किसी के साथ अफेयर चल रहा है।

### इन्फ्लुएंसर्स को मिलेंगे 10 लाख रुपए



**रांची।** झारखंड सरकार ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक अपनी पहुंच बनाने वाले इन्फ्लुएंसर के लिए बड़े अवसर का ऐलान किया है। सरकार के पर्यटन विभाग के माध्यम से सोशल मीडिया क्रिएटर्स के लिए इन्फ्लुएंसर इंगेजमेंट प्रोग्राम 2025 की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना और सोशल मीडिया के जरिए झारखंड की खूबसूरती और संस्कृति को विश्वभर में पहुंचाना है। इन्फ्लुएंसर्स को 3 लाख से 10 लाख रुपए तक का आर्थिक मानदेय दिया जाएगा।

उपद्रव करने वालों को योगी ने दी कड़ी चेतावनी, 'आस्था चौराहे पर प्रदर्शन करने की वस्तु नहीं'

# मुख्यमंत्री योगी ने कहा- गजवा-ए-हिंद हिन्दुस्तान की धरती पर नहीं होगा

सीएम योगी ने कहा कि लव-जिहाद, धर्मांतरण और गो-तस्करी जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के प्रति हमें सतर्क रहना होगा, अगर कहीं कोई भूल से भी इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त है, उसकी सूचना समय पुलिस और प्रशासन को उपलब्ध करवाइए, उपचार की व्यवस्था हम स्वयं कर लेंगे।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में उपद्रव करने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी चेतावनी दी है। सीएम ने बलरामपुर में कहा, कुछ लोगों को शांति और विकास अच्छा नहीं लगता है। लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। इनको लगता है कि सरकार अब भी इनके सामने झुककर के काम करेगी। गद्दारों और देशद्रोहियों के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस के साथ काम करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमारी संवेदना हर उस नागरिक के साथ है जो भारत को भारत माता के रूप में सम्मान देता है। भारत की परंपराओं और संस्कृति का सम्मान करता है।

इन मूर्खों को यह भी नहीं पता कि आस्था के प्रतीकों को प्यार नहीं, सम्मान दिया जाता है। सम्मान और आस्था चौराहों पर प्रदर्शन करने की वस्तु नहीं है। आज चौराहे-चौराहे पर जाकर कितने कमजोर और कायर हैं कि छोटे-छोटे बच्चों, जिनके हाथों में कलम होनी चाहिए, जिनके हाथों में नोटबुक होनी चाहिए, जिनके हाथों में गणित और विज्ञान की पुस्तक होनी चाहिए, कुछ लोग छोटे बच्चों को आई लव मुहम्मद के पोस्टर देकर समाज में अराजकता फैला रहे हैं।



**जहन्नुम में जाने का टिकट पहले से ही काटकर दे देंगे- योगी आदित्यनाथ**

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा, इनको यह भी नहीं मालूम कि उनकी जिंदगी तो बर्बाद ही है, लेकिन ये लोग इन बच्चों की जिंदगी को भी बर्बाद करने पर उतारू हैं। सरकार इस तरह की अराजकता को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और जिसने भी कानून को हाथ में लेने का प्रयास किया, जो भी राह चलते राहगीर पर हमला करेगा, जो भी बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करेगा, जो भी पर्व और त्योहारों में उपद्रव करने की कोशिश करेगा, उस को हम पहले से ही इस बारे में कह देंगे कि उस को हम बिना मांगे जहन्नुम में जाने का टिकट पहले से ही काटकर दे देंगे।*

### गजवा-ए-हिंद हिन्दुस्तान की धरती पर नहीं होगा- सीएम योगी

*मुख्यमंत्री योगी ने कहा, कुछ लोग रहते तो भारत में हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लेकर भारत के अंदर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का कुत्सित कार्य कर रहे हैं। 'गजवा-ए-हिंद' हिन्दुस्तान की धरती पर नहीं होगा गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना भी और उसका सपना देखना भी जहन्नुम में जाने का टिकट का रास्ता पैदा कर देगा। अगर किसी को जहन्नुम में जाना हो तो 'गजवा-ए-हिंद' के नाम पर अराजकता पैदा करने का कुत्सित प्रयास करे। छद्म रूप में ये लोग जो इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त हैं। वे भी कान खोलकर सुन लें कि देर सबेर 'छांगुर' जैसे हाल तो उनके भी होने ही हैं।*

### राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के प्रति सतर्क रहना होगा

*कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि लव-जिहाद, धर्मांतरण और गो-तस्करी जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के प्रति हमें सतर्क रहना होगा। अगर कहीं कोई भूल से भी इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त है, तो उसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को तुरंत उपलब्ध कराएं. उसके उपचार की व्यवस्था हम खुद कर लेंगे।*

बरेली बवाल में ताबड़तोड़ ऐक्शन

# पुलिस ने 10 मुकदमे लिखे, अब तक 3300 से ज्यादा लोगों पर केस

- शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद हुए बवाल को लेकर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी। शनिवार को मौलाना तौकीर समेत 12 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।



एजेंसी ⏭ बरेली

शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद हुए बवाल को लेकर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी। शनिवार को मौलाना तौकीर समेत 12 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। पुलिस अब उन लोगों की भी तलाश कर रही है जो लोग बवाल में शामिल थे। इसके लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ले रही है। वहीं बवाल को लेकर पुलिस की ओर से दस मुकदमे भी दर्ज कराए गए हैं। इनमें से पांच मुकदमे कोतवाली, दो बारादरी और एक-एक कैंट, प्रेमनगर व किला में दर्ज हुआ है। इन मुकदमों में सरकारी कार्य में बाधा, पुलिस से मारपीट, गालीगलौज, पथराव, जानलेवा हमला, षडयंत्र रचने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, दहशत फैलाने और सात आपराधिक कानून जैसी धाराएं लगाई गई हैं।

## पेज एक शेष

### गूगल छोड़ स्वदेशी ब्राउज़र...

क्लाउड-बेस्ड सॉफ़्टवेयर और बिजनेस टूल्स विकसित करती है। जोहो के प्लेटफ़ॉर्म में 55 से अधिक टूल्स हैं, जिनमें ईमेल, अकाउंटिंग, एचआर, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, सीआरएम और प्रेज़ेंटेशन शामिल हैं। इस सेवा का उपयोग 150 देशों में 100 मिलियन से ज्यादा यूजर्स कर रहे हैं। प्रमुख प्रोडक्ट्स में जोहो प्रॉडक्टिविटी एप, जोहो ऑफिस सूट, जोहो मेल और जोहो कैलेंडर शामिल हैं। जोहो के टूल्स छोटे और बड़े व्यवसायों के लिए बेहद उपयोगी हैं। इसमें डॉक्युमेंट्स, स्प्रेडशीट और प्रेज़ेंटेशन आसानी से तैयार किए जा सकते हैं। इसे आसानी से माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस का देशी वर्जन कहा जा सकता है।

### आईएएस राजीव वर्मा होंगे...

उत्तर प्रदेश के रहने वाले वर्मा आईआईटी से एमटेक की डिग्री रखते हैं। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफल होने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग 1994 में आइजोल में एसडीएम के तौर पर हुई। दिल्ली से उनका पुराना नाता रहा है। 2018 से 2022 तक वे दिल्ली सरकार में वित्त और राजस्व सचिव रहे। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली के परिवहन विभाग और कई अन्य अहम विभागों में सचिव और अतिरिक्त सचिव के तौर पर भी काम किया है। अपने करीब 30 साल लंबे प्रशासनिक करियर में राजीव वर्मा ने केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय जैसे प्रमुख विभागों में भी जिम्मेदारियां निभाई हैं। अब 1 अक्टूबर से वे दिल्ली के नए मुख्य सचिव का पदभार संभालेंगे।

### नक्सलवाद पर निर्णायक...

ध्यान देना होगा, ताकि जो लोग हिंसा का रास्ता छोड़ना चाहते हैं, वे सम्मानजनक तरीके से मुख्यधारा में लौट सकें। एक दिवसीय इस सम्मेलन में सुरक्षा विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्देश्य नक्सलवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति पर विचार-विमर्श और भविष्य की रणनीति तय करना था। गृह मंत्री के इस बयान को नक्सल विरोधी अभियान के अगले चरण का संकेत माना जा रहा है। सरकार का लक्ष्य 2027 तक देश को पूरी तरह नक्सल मुक्त करना है और इसके लिए सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर समानांतर रणनीति पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया की सरेंडर करने के वाले नक्सलियों की संख्या बता रही है की सभी मुख्यधारा में शामिल होने को इच्छुक हैं। छत्तीसगढ़ ओडिशा के पहाड़ी पर पचास किमी बाई पचास किमी के एक नक्सली कैम्प का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों को पहाड़ पर पहुँचने में पाँच दिन लगे। वहाँ हथियार बनाने की फैक्ट्री थी। कई तरह के आधुनिक विस्फोटक बनाने की फैक्टरियाँ थी। अमित शाह ने बताया कि कई नक्सलियों को घेर कर मारा गया और समूचे कैम्प को तबाह करने हमारे सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली । विदित हो की देश को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प गृहमंत्री अमित शाह ने लिया है उसी के तहत देश भर के नक्सली ठिकानों को तबाह किए का रहे हैं। उन्हें सरेंडर करने को कहा जा रहा रहा है।

### संघ की 'असली ताकत...

आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मौजूद रहेंगे। 2 अक्टूबर को दशहरा के दिन से नागपुर में संघ शताब्दी वर्ष समारोह शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने रेडियो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें संस्करण में स्वदेशी अपनाने पर एक बार फिर जोर दिया और लोगों से दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर खादी की कोई वस्तु खरीदने का आग्रह किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि सरकार 'छठ महापर्व' को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल कराने के लिए प्रयास कर रही है।

सीएम योगी ने किया सार्वजनिक अवकाश का ऐलान

# यूपी में सात अक्टूबर को बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज और बैंक

एजेंसी ⏭

नवरात्रि की धूम के बाद उत्तर प्रदेश में एक और बड़ी खुशखबरी आ गई है। मंगलवार, 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है।

इस दिन सभी स्कूल-कॉलेज, बैंक और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्रावस्ती में इसकी औपचारिक घोषणा की, साथ ही जयंती पर भव्य आयोजनों का खाका भी खींचा। रामायण के महान रचयिता महर्षि वाल्मीकि को समर्पित यह दिन अब न केवल धार्मिक महत्व का होगा, बल्कि आराम और उत्सव का भी। इस छुट्टी के तहत सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे, जहां स्टूडेंट्स को होमवर्क-फ्री दिन मिलेगा। बैंक और फाइनेंशियल संस्थानों में भी कोई कामकाज नहीं होगा, इसलिए जरूरी कैश पहले ही निकाल लें। सरकारी दफ्तरों में पूरे दिन अवकाश रहेगा, हालांकि इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस साल वाल्मीकि जयंती 7 अक्टूबर को पड़ रही है, और यही कारण है कि सीएम ने इसे राज्यव्यापी अवकाश का दर्जा दिया। श्रावस्ती के ऐतिहासिक माहौल में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा 7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि की जयंती पर प्रदेश में छुट्टी रहेगी। हर देव मंदिर में रामायण का अखंड पाठ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने श्रावस्ती को भारत की प्राचीन आर्थिक राजधानी के रूप में याद किया, जो बौद्ध और जैन धर्म का पवित्र स्थल भी रहा है।

10वीं पास से लेकर स्नातक वालों के लिए मौका

# झारखंड में सहायक कारापाल और कक्षपाल के पदों पर ढेरों भर्ती

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सहायक कारापाल और कक्षपाल पदों के लिए भर्ती नोटिफिकेशन 2025 जारी कर दिया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत राज्य में सहायक कारापाल के 42 पद और कक्षपाल के 1733 पद भरे जाएंगे। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 7 नवंबर 2025 से 8 दिसंबर 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट jssc.jharkhand.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 11 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच ऑनलाइन आवेदन में आवश्यक संशोधन भी किया जा सकेगा। कक्षपाल भर्ती की कुल वैकेंसी 1,733 पदों की है। इसमें पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 1,634 पद हैं, जिनमें 165 पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए, 413 पद होमगार्ड के लिए और शेष 1,056 पद अन्य उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। महिला अभ्यर्थियों के लिए 64 पद निर्धारित किए गए हैं। वहीं, सहायक कारापाल के पदों की कुल संख्या 42 है।

### शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास

*सहायक कारापाल पद के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री होना अनिवार्य है। वहीं, कक्षपाल पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है।*

### आयु सीमा 38 वर्ष

*आयु सीमा 1 अगस्त 2025 के अनुसार निर्धारित की गई है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष है। पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 37 वर्ष निर्धारित की गई है। अनारक्षित, पिछड़ा, ईडब्ल्यूएस और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अधिकतम आयु 38 वर्ष है।*

## विज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से की भेंट



**नई दिल्ली।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से नई दिल्ली स्थित उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। बैठक में दोनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के कार्यक्रम में बोले

# महिला सशक्तिकरण और स्वस्थ परिवार एक-दूसरे के पूरक : राज्यपाल घोष



**चडीगढ़।** राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और स्वस्थ परिवार एक-दूसरे के पूरक हैं। जहां महिला सशक्त होती है, वहां परिवार अधिक जागरुक, शिक्षित और संगठित होता है और जहां परिवार स्वस्थ होता है, वहां महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। राज्यपाल असीम कुमार घोष हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा रविवार को इंद्रधनुष ऑडिटोरियम सेक्टर-5 पंचकूला में आयोजित स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उनकी पत्नी मित्रा घोष और हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को अधिकार और अवसर देने जरूरी है।

बोले-जनता को गुमराह कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# कहां से आएगा इतना पैसा नीतीश सरकार की घोषणाओं पर तेजस्वी ने उठाए सवाल

*बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल तैयारियों में जुटे हुए हैं। सूबे की सत्ता पर काबिज होने के लिए जनता से लोकलुभावन वादे किए जा रहे हैं। वहीं आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। इस बीच रविवार को नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा।*

एजेंसी ⏭ पटना



तेजस्वी यादव ने आरजेडी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और बजट को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हैं लेकिन आज भी प्रदेश भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की मार झेल रहा है।

### बजट और घोषणाओं पर तेजस्वी ने उठाए सवाल


*आरजेडी नेता ने राज्य सरकार की बजट और हालिया घोषणाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा पिछले कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुल मिलाकर 7.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक की घोषणाएं कर चुके हैं, जबकि राज्य की वित्तीय स्थिति इतनी बड़ी योजनाओं को संभालने में सक्षम नहीं है।*

### घोषणाएं केवल जनता को भ्रमित करने के लिए

*तेजस्वी यादव ने दावा किया बिहार का कुल बजट लगभग 3.16 लाख करोड़ रुपए है, जिसमें से करीब दो लाख करोड़ रुपए वेतन, पेंशन और ब्याज जैसे प्रतिबद्ध मद में ही खर्च हो जाते हैं। इससे सरकार के पास योजनाओं और विकास कार्यों के लिए केवल लगभग 1.16 लाख करोड़ रुपए बचते हैं। ऐसे में ये घोषणाएं केवल जनता को भ्रमित करने और चुनावी माहौल बनाने का तरीका हैं'।*

### राज्य का राजस्व कैसे बढ़ेगा, राशि कहां से आएगी?

*नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर राज्य का राजस्व कैसे बढ़ेगा, राशि कहां से आएगी और घोषणाएं धरातल पर कब पूरी होंगी। इसके साथ ही तेजस्वी ने महिलाओं को 10 हजार रुपए की राशि देने की राज्य सरकार की योजना पर भी सवाल उठाया। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि सीएम नीतीश कुमार एक रुपया देकर बिहार का वर्तमान और भविष्य खरीदना चाहते हैं, लेकिन इस बार जनता उन्हें हटाएगी भी और हराएगी भी।*



# टॉम ऑल्टर ने लिया था सचिन का पहला इंटरव्यू

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में टॉम ऑल्टर का रुतबा बेहद अलग ही था। वह न केवल एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि खेल पत्रकार भी थे। उन्होंने क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया था। तब सचिन महज 15 साल के थे और उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू भी नहीं किया था। टॉम ऑल्टर की जिंदगी में खेल पत्रकारिता का भी अहम हिस्सा था। 1980 और 1990 के दशक में वे स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट के रूप में काम करते थे। इसी दौरान, उन्होंने सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया।

लाइफ Style

# यामी

## पहाड़ी लुक में आई नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस यामी गौतम हमेशा से अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। पर्दे पर चाहे वह एक मजबूत किरदार निभा रही हों या फिर असल जिंदगी में अपने पहाड़ी अंदाज में नजर आ रही हों, यामी हर बार अपने चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं।

यामी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जो काफी पसंद की जा रही है। इस तस्वीर में यामी गौतम एक बेहद खुशनुमा सुबह का आनंद लेती नजर आ रही हैं। वह एक खुले बरामदे में बैठी हैं, जहां से पहाड़ों का सुंदर नजारा देखा जा सकता है। उन्होंने लाइट ग्रीन कलर का स्लीवलेस टॉप पहन रखा है, जो उन पर काफी फब रहा है। बिना किसी मेकअप के उनका चेहरा एकदम नेचुरल लग रहा है और उनकी मुस्कान सीधे दिल को छू रही है। उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है। तस्वीर में यामी के हाथ में एक चाय का कप भी नजर आ रहा है, जिसे देखकर साफ है कि वह इस पल को पूरी तरह एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने इस फोटो के साथ दिल को छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा, पहाड़ों में सुबह की धूप, हाथ में चाय और दिल में आभार... 'हक' टीजर को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद आपका।

बता दें कि हाल ही में फिल्म 'हक' का टीजर जारी किया गया था, जिसमें यामी गौतम एक सशक्त और जुझारू महिला शाह बानो के किरदार में दिखी, जो अपने हक के लिए अदालत की लड़ाई लड़ रही हैं। वहीं, इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई दिए।



हॉलीवुड मसाला

# शेयर की बेटी की प्यारी तस्वीरें



**लॉस एंजेलिस।** रिहाना और रैपर रॉकी ने अपनी नन्ही परी का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के साथ दो प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपनी बेटी को गुलाबी कंबल में लिपटाए प्यार से गोद में लिए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में दो छोटे बॉक्सिंग ग्लव्स दिखाई दे रहे हैं, जिसमें एक गुलाबी रिबन भी लगा हुआ है। बता दें कि रिहाना और रॉकी की पहली मुलाकात 2012 में एमटीवी म्यूज़िक वीडियो अवार्ड्स के रिहर्सल के दौरान हुई थी।



# सेलेना बनीं बेनी ब्लैंको की दुल्हन

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी मानी सिंगर सेलेना गोमेज ने 33 साल की उम्र में अपने ब्वॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ शादी कर ली है। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सेलेना गोमेज ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को ये गुड न्यूज दी है। वहीं सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही सेलेना की शादी की फोटोज वायरल हो गईं। इन तस्वीरों में सेलेना और बेनी एक दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अब इंडस्ट्री के फ्रेंड्स से लेकर फैंस तक सेलेना और बेनी ब्लैंको को शादी की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। सेलेना और बेनी ब्लैंको ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज के अनुसार शादी के बंधन में बंधे हैं। दुल्हन बनी सेलेना व्हाइट वेडिंग गाउन में बहुत ही खूबसूरत और लाजवाब दिख रही हैं।



# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं रुक्मिणी

**मुंबई।** अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत की आने वाली फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' का ट्रेलर कुछ समय पहले रिलीज हुआ था। वह इस फिल्म में राजकुमारी कनकवती के किरदार में दिखाई देंगी। अभिनेत्री रुक्मिणी ने बताया कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं। उन्होंने करण जौहर या दूसरे किसी बड़े बॉलीवुड फिल्म निर्माता के साथ काम करने की भी हसरत जाहिर की है। जब रुक्मिणी से पूछा गया कि क्या वह बॉलीवुड में अवसर तलाशना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए रुक्मिणी ने कहा, "बिल्कुल, धर्मा प्रोडक्शंस उस क्लासिक सिनेमा का प्रतीक रहा है, जिसे हम सभी पसंद करते हैं। अगर मुझे मौका मिला, तो मैं उनके साथ काम करना जरूर चाहूंगी। भविष्य में क्या होगा, यह तो मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मुझे वहां काम करने का अवसर मिलेगा।



# तीसरे दिन ओजी की धाकड़ कमाई

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' ने आते ही तहलका मचा दिया है। फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों के अंदर बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। इस साल 2025 में रिलीज हुई फिल्मों में बहुत कम बार देखने को मिला है, जब किसी फिल्म ने दूसरे या तीसरे दिन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। पवन कल्याण और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने प्री-रिलीज में 21 करोड़ रुपए कमाए थे। रिलीज के पहले दिन इसने 63.75 करोड़ रुपए से बंपर ओपनिंग ली। शनिवार को फिल्म ने 18.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया था और रविवार को फिल्म ने 13.87 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।

टीवी मसाला

# जेंडर नहीं, कला मायने रखती है: आसिफ शेख

**मुंबई।** पॉपुलर टीवी कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' से विभूति नारायण मिश्रा के नाम से घर- घर में पहचाने बनाने वाले आसिफ शेख इंडियन टेलीविजन शो के वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं। इस शो ने उनकी पॉपुलैरिटी को एक नया मुकाम दिया है। अब तक वह शो में करीब 350 अलग-अलग किरदार निभा चुके हैं, जिनमें से 35 फीमेल किरदार हैं, जिनकी उम्र 21 से 80 साल के बीच है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की



वह खुद को इन किरदारों के लिए कैसे तैयार करते हैं। आशिफ शेख ने बताया कि हर किरदार के लिए उन्हें बहुत तैयारी करनी पड़ती है और उनके लिए किरदार निभाने में जेंडर कभी मायने नहीं रखता। आशिफ ने बताया कि जब शो शुरू हुआ था तब मेकर्स ने उनके रोल को लेकर काफी सोच- विचार किया था। बाद में धीरे धीरे उन्होंने आसिफ के किरदार के साथ नए-नए एक्सपेरिमेंट किए और उन्हें दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पांस भी मिलने लगे। आसिफ का कहना है कि वह अपने डायरेक्टर्स और राइटर्स का शुक्रगुजार हैं क्योंकि उन्होंने आसिफ पर भरोसा किया। आगे वह कहते हैं कि वह अब तक शो में 35 से ज्यादा महिला किरदार निभा चुके हैं। उनके लिए एक किरदार सिर्फ किरदार है, उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता कि रोल किसी लड़के का है या किसी लड़की का।

# मां दुर्गा पूजा में इमोशनल हुईं रानी और तनीषा काजोल ने निभाया बड़ी बहन का फर्ज

**मुंबई।** पूरे देश में इस वक्त शारदीय नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। इसी बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और रानी मुखर्जी ने हर साल की तरह इस साल भी मुंबई में मां दुर्गा का भव्य पंडाल लगवाया। इस दौरान काजोल और रानी फुल ट्रेडिशनल अवतार में सजी-धजी नजर आईं। लेकिन इस साल की दुर्गा पूजा मुखर्जी परिवार के लिए काफी इमोशनल रही। ऐसा इसलिए है क्योंकि काजोल के प्यारे काका और अयान मुखर्जी के



पिता देव मुखर्जी अब इस दुनिया में नहीं रहे। ऐसे में पूजा के दौरान काजोल, रानी, तनीषा और अयान मुखर्जी के आंसू रुक नहीं रहे थे। दूर्गा पूजा के दौरान की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसमें काजोल, रानी, शर्बानी और तनीषा मुखर्जी अपने चाचा और ताऊ देव मुखर्जी और रानू मुखर्जी को याद कर इमोशनल होती हुई दिखाई दी। तीनों को देखकर उनके कजिन और फिल्ममेकर आयान मुखर्जी भी इमोशनल होते हुए नजर आए और पिता देव मुखर्जी की याद में उनके भी आंसू छलक आए।

## फिल्म 'द राजा साहब' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली प्रभास की आने वाली फिल्म 'द राजा साहब' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। इसमें प्रभास के साथ संजय दत्त भी हैं। इस पोस्टर में संजय दत्त का लुक काफी अलग है। मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 'द राजा साहब' का ट्रेलर 29 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर सोमवार शाम 6 बजे रिवील किया जाएगा। ये



खबर सुनते ही फैन्स खुश हो गए हैं और प्रभास की पोस्ट पर कमेंट्स कर रहे हैं। डायरेक्टर मारुती की ये फिल्म पहले इसी साल 5 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन मेकर्स अब इसे 2026 में रिलीज करने के मूड में हैं। उनका कहना है कि मूवी के पोस्ट प्रोडक्शन का काफी काम बचा है, इसकी वजह से रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया है। राजा साब तेलुगु रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसे पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है।

# डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं मौनी

**मुंबई।** टीवी सीरियलों के साथ बॉलीवुड फिल्मों में अपना जलवा बिखेर रही मौनी रॉय को लेकर उनकी उम्र में कोई भी अंदाजा नहीं लग सकता है। उन्होंने खुद को इस तरह मेंनेट करके रखा है कि वे 40 में भी 20 साल की ही नजर आती हैं। वैसे, अपनी खूबसूरती और स्मिल फिगर को बनाएं रखने के लिए वे कई नुस्खे आजमाती हैं। खुद को फिट रखने के लिए वे काफी मेहनत भी करती हैं। मौनी रॉय खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके से वर्कआउट करती हैं। वे जिम में कम समय बीताती है और डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं। वे अपनी डाइट पर सबसे ज्यादा ध्यान देती हैं। वैसे, उन्हें जंक फूड खाना पसंद है, लेकिन हेल्थ के लिए वे खुद पर कंट्रोल रखती हैं और ऐसे खाने से दूर रहती है। मौनी फिट रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट डांस करती हैं। इसके साथ वे खुद को फिजिकली और मेंटली फिट रखने के लिए योगा करती हैं। वे जिम में ज्यादा वर्कआउट नहीं करती, लेकिन वेट ट्रेनिंग जरूर लेती हैं। मांसपेशियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने के लिए वे स्ट्रेचिंग पर भी खास ध्यान देती हैं। मौनी टीवी की हाईएस्ट पेड़ एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने करियर की शुरुआत 2006 में सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से की थी।



## आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन गाने अब भी लोगों की जुबान पर

# रंग दे बसंती' गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान 8-10 घंटे तक खड़ी रही थीं स्वर कोकिला

*__मुंबई।__ दिवंगत महान गायिका लता मंगेशकर बॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक रही हैं। उन्होंने अपनी आवाज के जरिए लाखों लोगों के दिल पर राज किया। आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन उनके गाने अब भी लोगों की जुबान पर है। आज 28 सितंबर को उनकी 96वीं बर्थ एनिवर्सरी है। ऐसे में चलिए हम आपको उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा एक किस्सा बताते हैं, जिसे फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने शेयर किया था। दरअसल, यह किस्सा फिल्म 'रंग दे बसंती' से जुड़ा है, जो साल 2006 में रिलीज हुई थी और यह बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक रही है। फिल्म की कहानी के साथ-साथ इसके गानों को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। मूवी में 'लुका छुपी' नाम का एक इमोशनल सॉन्ग भी था, जिसे स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी। फिल्ममेकर ने इसी गाने से जुड़ा किस्सा शेयर किया था। चलिए बताते हैं कि आखिर वह क्या है।*

### रिकॉर्डिंग से पहले करती थीं गाने की रिहर्सल

राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया था, "लता जी ने गाने की रिहर्सल की, यही उनकी महानता है। उन्होंने मुझे फोन किया और पूछा कि क्या वे गाना रिकॉर्ड करने के लिए चेन्नई जा सकती हैं। फिर मैंने उन्हें बताया कि रहमान उनके साथ इसे रिकॉर्ड करने के लिए मुंबई आएंगे, लेकिन गायिका ने चेन्नई जाने पर जोर दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं उनके साथ जाऊं तो अच्छा रहेगा।



### बहुत विनम्र थी

मेहरा ने आगे बताया, वह बहुत विनम्र थीं। तीन दिन पहले वहां गईं और एयरपोर्ट से सीधे स्टूडियो चली गईं। इसके बाद एआर रहमान ने उनका स्वागत किया और गायिका ने रचना सुनी। लता मंगेशकर ने कहा कि उन्हें गाना कैसेट में दिया जाए, ताकि वे उसका रिहर्सल कर सकें। फिर जब वह चौथे दिन रिकॉर्डिंग के लिए आईं, तो उन्होंने गाना गाते समय खड़े रहने पर जोर दिया। उन्होंने रहमान के साथ गाना, जैमिंग शुरू कर दी और फिर 8-10 घंटे तक बैठने से इनकार कर दिया और गाना पूरा होने तक खड़ी रहीं।"

# जीएडी ने जारी की जिलावार ग्रेडिंग, रायसेन अव्वल, भोपाल 25वें नंबर पर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## रायसेन का कुल वेटेज स्कोर 85 फीसदी से ऊपर

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी 55 जिलों की ग्रेडिंग को दो समूहों में बांटकर जारी की है। पहले समूह में रायसेन जिला सबसे अव्वल स्थान पर आया है। यहां शिकायतों की संतुष्टि का स्तर सर्वाधिक रहा। रायसेन जिले का कुल वेटेज स्कोर 85 फ़ीसदी से ऊपर रहा। इस जिले की रेटिंग भी ए जारी की गई। दूसरे नंबर पर गुना और तीसरे पर सिंगरौली जिले की ग्रेडिंग आई है।

**दूसरे नंबर पर गुना और तीसरे पर सिंगरौली जिले की ग्रेडिंग आई**

इन दोनों का स्कोर 84 फीसदी से ऊपर रहा। पहले समूह में सबसे फ़ीसड्डी भोपाल और मुरैना जिला रहा। उनकी रेटिंग भी रिकॉर्ड की गई है। दरअसल, जिलों की ग्रेडिंग के लिए उन जिलों में प्राप्त शिकायतों के आधार पर बनाया जाता है। उन शिकायतों के निराकरण के आधार पर जिलों की ग्रेडिंग की जाती है। कई ऐसे जिले हैं जहां भारी भरकम शिकायतें तो आई पर उसका निराकरण काफी निराशाजनक रहा। इसीतरह द्वितीय समूह में शाजापुर पहले स्थान पर जबकि पांढुर्णा और हरदा भी कमोबेश इस श्रेणी में दूसरे व तीसरे नंबर पर आए हैं।




द्वितीय समूह में सबसे निम्न स्तर पर झाबुआ व धार जिले की रेटिंग रही। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से जारी जिलों की ग्रेडिंग में कई जिलों का परफॉर्मेंस काफी खराब रहा।

## चार महानगरों में से ग्वालियर का परफारमेंस सबसे खराब

ग्वालियर में अगस्त महीने में कुल 17,900 शिकायत आई। इसमें से 46 फीसदी शिकायतों का ही निराकरण किया जा सका। जिलों की ग्रेडिंग में ग्वालियर 21 वें स्थान पर आया है। भोपाल की स्थिति भी कमोवेश ग्वालियर जैसी ही है। भोपाल में कुल 16, 884 शिकायतें अगस्त महीने में आई। इनमें से महज 46 फ़ीसदी का ही निराकरण किया जा सका है। जीएडी ने भोपाल जिले को बी रेटिंग दी है। भोपाल जिले में 50 दिनों से अधिक की 11 फ़ीसदी शिकायतों का निराकरण नहीं किया गया। पहले समूह में मुरैना सबसे नीचे 28 वें स्थान पर रहा है। इस जिले की रेटिंग की पाई गई। यहां पर 14,600 शिकायतें आई, जिसमें से 46 फ़ीसदी शिकायतों का ही निराकरण किया गया। बाकी शिकायतें अभी जस की तस पड़ी हुई है। इसीतरह पहले समूह में नीचे से दूसरे नंबर पर मुरैना का संतुष्टि का स्तर महज 10 फीसदी ही रहा। भोपाल व मुरैना दोनों जिले प्रथम समूह में सबसे नीचे पायदान पर आए हैं। जबकि उज्जैन, सीहोर, छतरपुर आदि जिले राजधानी भोपाल से काफी ऊपर रहे।

### दूसरे समूह में शाजापुर सबसे अव्वल आया

द्वितीय समूह में शाजापुर जिला सबसे उच्च स्थान पर आया है। यहां कुल 4700 शिकायतें मिली। इनमें से 51 फ़ीसदी का निराकरण 60 फीसदी संतुष्टि के साथ किया गया। कुल रिटिंग स्कोर भी 50 से फीसदी रहा। इसके बाद पांढुर्णा, हरदा, दतिया, मंडला, बड़वानी, नीमच, बालाघाट, अशोकनगर, खरगोन, बैतूल आदि जिले रहे। दूसरे समूह में सबसे निचले पायदान पर धार की ग्रेडिंग रही। यहां 5400 शिकायतों में से महज 43 फीसदी का ही निराकरण हो पाया। उनकी संतुष्टि का स्तर महज 9 फिसदी रही। धार की रेटिंग भी 43 फीसदी आई। धार से ऊपर झाबुआ 26 वें स्थान पर रहा। झाबुआ की रेटिंग 45 फ़ीसदी रही। यहां को 1900 शिकायतों में से संतुष्टि का स्तर 11 फीसदी पाई गई। बड़े जिलों में बैतूल, खंडवा जैसे जिलों की स्थिति भी संतोषजनक पाया गया। बैतूल में कुल 6200 शिकायतें आई। इसमें से आधे ही निपट पाए। बाकी जिलों की स्थिति भी कमोवेश इसी अनुसार रही।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति का संदेश दिया



**औबेदुल्लागंज।** एसडीओपी ऑफिस से एसडीओपी शीला सुराणा, टीआई भारत प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया। आगामी त्यौहार को हर्षोल्लास से मनाएं एवं माता बहनों का सम्मान करें, जिससे नगर में एकता, भाईचारा, प्रेम का वातावरण कायम रहे।

### पाण्डेय के निधन के बाद पत्नी प्रतिभा पाण्डेय ने स्किन डोनेशन किया

**भोपाल।** विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार स्किन का डोनेशन किया गया। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत संजय गांधी अस्पताल रीवा में पहली बार स्किन डोनेट किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मई माह में रीवा में स्किन बैंक के शुभारंभ अवसर पर लोगों से आह्वान किया था कि नागरिक अंगदान करने में आगे आएं। इसके तहत रीवा निवासी शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय के निधन बाद उनकी पत्नी प्रतिभा पाण्डेय जो महिला एवं बाल विकास विभाग में कटनी जिले की जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं, ने अपने स्वर्गीय पति की स्किन दान करने का निर्णय लिया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि स्वर्गीय शिवेन्द्र पाण्डेय के परिजनों ने अंगदान का जो प्रेरणादायक कार्य किया है।

### एमपी में बाघ के शिकारियों पर इंटरपोल ने जारी किए दो अलग-अलग नोटिस

**भोपाल।** भारत के वन्यजीव प्रवर्तन के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है, मध्य प्रदेश की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स बाघ शिकार मामले में दो इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) हासिल करने वाली एशिया की पहली एजेंसी बन गई है। फ्रांस के लियोन स्थित इंटरपोल मुख्यालय ने अब अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर धारके लामा के खिलाफ आरसीएन जारी किया है, जो 2015 के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व शिकार और अवैध व्यापार मामले में दूसरा नोटिस है। इस मामले में पहला आरसीएन पहले ही फरार शिकार सरगना जय तमांग के खिलाफ जारी किया जा चुका है। मुख्य संदिग्ध लामा, बकाया वारंट के बावजूद वर्षों से गिरफ्तारी से बचता रहा।

## मुख्यमंत्री का 6 से 8 अक्टूबर तक जापान का दौरा प्रस्तावित, कंपनियों के साथ की बैठक

# कूड़े से टाइल बनाएगी होंडा सरकार के साथ एमओयू

**प्लांट की स्थापना के लिए भूमि व कूड़ा सरकार उपलब्ध कराएगी**

*नारायणगढ़ में जापानी कंपनियों के कलस्टर स्थापना पर किया मंथन मानेसर में पानी की उपलब्धता के लिए कार्य जारी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में जापान की प्रमुख कंपनियों के साथ विशेष बैठक करते हुए हरियाणा में अधिकाधिक निवेश का आह्वान किया। इस दौरान सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट के लिए होंडा कंपनी के साथ एमओयू भी किया गया, जिसके तहत प्लांट की स्थापना के लिए जमीन व कूड़ा सरकार उपलब्ध कराएगी जबकि होंडा कंपनी कूड़े से टाइल बनाएगी मुख्यमंत्री का 6 से 8 अक्टूबर तक जापान दौरा प्रस्तावित है जिसमें वे हरियाणा पवेलियन का विशेष रूप से दौरा करेंगे। इसके तहत उन्होंने हरियाणा में स्थापित जापान की मुख्य कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निवेश बढ़ाने पर विशेष रूप से मंथन किया। हरियाणा में जापानी कंपनियों का एक अलग से कलस्टर स्थापित करने पर विचार-विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ में कलस्टर स्थापना का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ से चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा पंजाब बेहद नजदीक हैं, जिनकी दूरी मात्र 40 से 45 किलोमीटर ही है, जिससे व्यापार को विशेष रूप से बढ़ावा मिलेगा।

**मुख्यमंत्री जापान दौरे में हरियाणा पवेलियन को भी दिखने जाएंगे**



### मूनक नहर से पाइप लाइन के माध्यम से आएगा पानी

मानेसर में पानी की बेहतरीन सुविधा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए डीपीआर तैयार है और अति शीघ्र टेंडर कराकर काम की शुरुआत कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मूनक नहर से पाइप लाइन के माध्यम से मानसेर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी जिसके लिए करीब तीन हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25-30 वर्षों के दृष्टिगत आबादी बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत यह व्यवस्था की जा रही है, जिससे पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी।औद्योगिक इकाइयों के रसायनयुक्त पानी के भी उचित

#### पानी का सदुपयोग करें

औद्योगिक इकाइयों को अपने छोड़े गये पानी को पुनः उपयोग में लाना चाहिए। इसके लिए एचएसआईआईडीसी के माध्यम से योजना तैयार की गई है। पहले चरण में करीब 78 करोड़ की लागत से मानेसर में यह व्यवस्था की जाएगी, जिससे औद्योगिक इकाइयां पानी का पुनः उपयोग कर सकेंगी।

### सीएसआर का पैसा उपायुक्त के माध्यम से खर्च किया जाना चाहिए

उन्होंने कहा कि सीएसआर का पैसा उपायुक्त के माध्यम से खर्च किया जाना चाहिए ताकि उस पैसे का बेहतरीन उपयोग हो सके। सीएसआर का अधिकाधिक लाभ आमजन को मिलना चाहिए। इसके लिए अस्पतालों व उच्च शिक्षण संस्थानों में भाषा कोर्स आदि शुरू किये जा सकते हैं। हरियाणा में प्रत्येक दस किलोमीटर की अवधि में मॉडल संस्कृति विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं। इस दिशा में सीएसआर के तहत अच्छे कार्य किये जा सकते हैं।मुख्यमंत्री ने सीएसआर के तहत औद्योगिक इकाइयों का आह्वान किया कि वे सड़कों को गोद लेकर उनका सौंदर्यीकरण करवाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एडवांस तकनीक की फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करवाई जा रही है। शुरुआती चरण में गुरुग्राम, फरीदाबाद व सोनीपत में इनकी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि दस नई आईएमटी स्थापित करने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ाये हैं, जिसके लिए ई-भूमि पोर्टल पर करीब 6-7 हजार एकड़ भूमि का पंजीकरण हो चुका है।

## छोटे शहरों में सुधरेगी नपा की रैंकिंग

# ननि का अमला बैरसिया नगर पालिका को करेगा चकाचक स्वच्छता रैंकिंग में जुड़ेंगे नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में स्वच्छ शहरों की केटगरी में दूसरे पायदान पर आया भोपाल नगर निगम अब नजदीक स्थित बैरसिया नगर पालिका को चकाचक करेगा।

जिसके लिए स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत एमओयू किया गया है। शनिवार को केंद्रीय शहरी मंत्री मनोहर लाल खट्टर और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच वीडियो कांफ्रेंस में तय किया गया है। अठारह वार्ड वाली नगर पालिका की सफाई पांच चरणों में की जाएगी। नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन का कहना है कि देश के सबसे स्वच्छ शहरों के शहर जोड़ी के तहत मेंटर और मेंटी शहरों के बीच मार्गदर्शन पीयर लर्निंग के लिए यह योजना शुरु की गई है। इस पहल के तहत नगर निगम भोपाल मेंटर (संरक्षक) के रूप में कचरा सेग्रीगेशन और परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता तक पहुंच, उपयोगित जल प्रबंधन और सफाई कर्मियों के लिए सुविधाएं जैसे आठ बिंदुओं पर मेंटी (प्रशिक्षु) नगर पालिका बैरसिया को सहयोग करेगा। इस पहल के तहत पांच चरणों पर आधारित कार्ययोजना भी तैयार की गई है। ऐसा करने से बैरसिया नगर पालिका में वेस्ट प्रेक्टिसेस, स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट प्रयासों, दर्शनीय स्वच्छता, पीयर लर्निंग व सहयोगात्मक कार्रवाई को संस्थागत रूप देते हुए मेंटर शहर के अनुभव से लाभ लेकर मेंटी शहर स्वच्छता में बेहतर सुधार करेंगे। जिसका मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में किया जाएगा।

# महिलाओं के साथ न हो भेदभाव श्रम विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए। इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक की ओर से जिला श्रम कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, व्हाट्सएप नंबर 07552555582 या टोल फ्री नंबर 18002338888 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# आई लव मोहम्मद को लेकर एमपी पुलिस भी अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आई लव मोहम्मद को लेकर यूपी में हुए बवाल को लेकर एमपी पुलिस भी अलर्ट हो गई है। पुलिस मुख्यालय की इंटेलीजेंस शाखा और स्थानीय पुलिस पूरी तरह से चौकन्नी है। वहीं हर तरह की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। पिछल्ले दिनों इंदौर में चंदन नगर में आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाए गए, जिसको लेकर हिंदुवादी संगठनों ने आपत्ति जताई। जिसके बाद पुलिस ने ऐसे पोस्टर्स को हटवाया। पोस्टर्स को हटवाने का भी विरोध हुआ। इधर भोपाल में भी शुक्रवार के दिन इस तरह के पोस्टर लगे हुए दिखे और युवाओं का एक समूह वाहनों में आई लव मोहम्मद के स्टीकर चिपकाए हुए दिखा। इसके अलावा हिंदुवादी संगठनों ने आई लव महाकाल का पोस्टर अभियान छेड़ दिया। शीतलदास की बगिया से इस अभियान की शुरूआत की।

## जलसंसाधन विभाग के 1260 कनेक्शन का बकाया है 32 करोड़

# ऊर्जा का पत्र- करवाएं 32 करोड़ का भुगतान जलसंसाधन ने पेमेंट के लिए जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसीएस ऊर्जा नीरज मंडलोई ने जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा को पत्र लिखा है। एसीएस ऊर्जा ने पत्र लिखते हुए कहा है कि बिजली बिल का भुगतान करना आवश्यक है।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर के तहत जल संसाधान विभाग को कनेक्शन दिया गया है। बिजली का भुगतान नहीं होने से वित्तीय स्थिति पर असर पड़ सकता है।

जल्द ही भुगतान नहीं किया तो जल संसाधन विभाग के डैम और पानी सप्लाई पर भी असर पड़ सकता है। एसीएस ऊर्जा के पत्र के बाद जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. राजेश राजौरा ने ईएनसी को पत्र लिखते हुए भुगतान करने के लिए निर्देश जारी कर दिया है। दरअसल, जलसंसाधन विभाग के प्रदेश भर में 1260 बिजली कनेक्शन हैं। जिसका जुलाई महीने का 32 करोड़ रुपए का बिजली का बिल बकाया है। ऊर्जा विभाग के एसीएस नीरज मंडलोई ने लिखा कि आरडीएस योजना के तहत 9 हजार करोड़ रुपए की लागत से बिजली अधोसंरचना का कार्य किया जाना है।

### प्रीपेड मीटर की वजह से समय पर हो रहा भुगतान

भले ही ऊर्जा विभाग के एसीएस ने पत्र लिखते हुए भुगतान करने की बात कही है लेकिन सरकारी विभागों में प्रीपेड मीटर लगने की वजह से समय पर भुगतान हो रहा है। क्योंकि प्रीपेड मीटर के चलते रीचार्ज कराना अनिवार्य है। बिजली के लिए पहले ही रीचार्ज करना आवश्यक होता है। यदि बिजली बिल को रीजार्च नहीं किया जाता है तो खुद ही मीटर बंद हो जाता है और बिजली की सप्लाई भी बंद हो जाएगी।

# झूठी शिकायतकर्ताओं की सूची बनाने का आदेश निरस्त करे सरकारः नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम हेल्पलाइन और सरकारी पोर्टलों पर कथित झूठी या बार-बार की जाने वाली शिकायतों के आधार पर ब्लैकमेलर्स की सूची तैयार कराने के निर्देशों पर सियासत गरमा गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस आदेश को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है।

सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही, इसलिए अब शिकायतकर्ताओं को 'ब्लैकमेलर' बताकर डराने का प्रयास कर रही है। जबकि असली जांच तो उन अधिकारियों की होनी चाहिए जो शिकायतों का समाधान किए बिना उन्हें फोर्स क्लोज कर देते हैं।

### हजारों शिकायतें

*नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हजारों ऐसी शिकायतें हैं जिन्हें बिना किसी ठोस कार्यवाही के केवल कागजों पर निराकृत दिखा दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार अगर पारदर्शिता चाहती है तो उन अधिकारियों की कुंडली बनाए जिन्होंने गलत जवाब देकर मामलों को बंद किया, न कि उन नागरिकों की जो अपनी समस्याओं के लिए आवाज उठा रहे हैं।*

## कलेक्टर ने एसडीएम को भेजा था पत्र

# बेहटा, बोरबन, बैरागढ़ में नवाब की प्रॉपर्टी को लेकर पेंडिंग में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान की पर्सनल प्रॉपर्टी को लेकर कलेक्टर ने बैरागढ़ एसडीएम को पत्र लिखकर बेहटा, बोरबन और बैरागढ़ की प्रॉपर्टी की जांच को लेकर पत्र लिखा है, जिसमें सात दिन में जवाब मांगा गया था, लेकिन तीन साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी जवाब पेश नहीं किया गया है।

दरअसल नवाब के वारिसों को लेकर शत्रु संपत्ति घोषित किए जाने को लेकर अमिताभ अग्निहोत्री ने शिकायती आवेदन पेश किया है। पिछले तीन सालों से इसका जवाब नहीं दिया जा रहा है।

### खरीद में रोक की मांग

*शिकायत में इन प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त पर रोक लगाने की मांग भी रखी गई है। भोपाल रियासत की शत्रु सम्पत्ति मामले में आबिदा सुल्तान को भोपाल नवाब मानकर भोपाल नवाब की समस्त चल, अचल सम्पति को शत्रु सम्पत्ति माना गया। इन विचाराधीन एवं जांच की सम्पत्तियों में आफताब जहां बेगम की बेहटा, बोरबन, बैरागढ़ की सम्पत्तियों को मानकर कलेक्टर को वर्ष 2021 में कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया था।*

## एक महिला एवं दो पुरुष नक्सलियों की मौत, 14 लाख का था इनाम

# सुरक्षा बलों और नक्सलियों में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के तिरयारपानी और छिंदखड़क के जंगलों में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बालों ने मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। इसमें एक महिला और दो पुरुष नक्सली शामिल है। तीनों का शव बरामद कर लिया गया है। तीनों नक्सलियों के ऊपर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था। कांकेर एसएसपी आई के एसलिसेला ने बताया कि कांकेर जिला गारियाबंद जिला डीआरजी के साथ बीएसएफ जवानों की संयुक्त टीम सुबह नक्सल आपरेशन के लिए निकली हुई थी।

तिरयारपानी के जंगलों में नक्सलियों से जवानों के साथ मुठभेड़ हो गई। इलाके में जब सर्च आपरेशन चलाया गया। मौके से तीन नक्सलियों का शव बरामद हुआ है। तीनों नक्सलियों के ऊपर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था, जिसकी पहचान राजेश उर्फ राकेश हेमला, एसीएम, नगरी एरिया कमेटी/गोबरा एलओएस कमाण्डर पांच लाख का इनाम घोषित था। दूसरा



नक्सली सरवन मडकम उर्फ विश्वनाथ उर्फ बुधराम पुनेम एसीएम, सीतानदी/रावस समन्वय एरिया कमेटी- सचिव जिसके ऊपर आठ लाख रुपये का इनाम और तीसरी महिला नक्सली बसंती कुंजाम उर्फ हिडमें पीएम, समन्वय/प्रोटेक्शन टीम मैनपुर-नुआपाड़ा सदस्य जिसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। मौके से एक नग एसएलआर, एक नग 303 रायफल, एक नग 12 बोर बरामद और अन्य नक्सल सामाग्री बरामद हुआ है।

### काफी समय बाद देखने को मिला नक्सल मूवमेंट

*कांकेर एसएसपी आई के एलिसेला ने बताया कि इस क्षेत्र में काफी साल बाद नक्सल मूमेंट देखने को मिला है। यह क्षेत्र नक्सलियों का ट्रांजिट रूट रहा है, जहां से अक्सर बड़े नक्सली आना-जाना करते है। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों और कठिन मौसम के बावजूद बस्तर में तैनात पुलिस, सुरक्षा बल भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप और बस्तरवासियों की आकांक्षाओं के अनुरूप जनजीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं।*

# गौरेला पेंड्रा मरवाही को ईको टूरिज्म साइट-2025' पुरस्कार

**पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला सम्मानित**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

विश्व पर्यटन दिवस पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा आयोजित पर्यटन पुरस्कार समारोह गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के लिए ऐतिहासिक रहा। पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और सतत विकास की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ ईको-टूरिज्म साइट-2025' का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान विशेष रूप से जीपीएम के रजमेरगढ़ पर्यटन क्षेत्र के संरक्षण, विकास और पर्यावरण-संवेदनशील पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल का परिणाम है। प्रकृति, संस्कृति और पर्यटन के इस अनोखे संगम ने जिले की पहचान को नई ऊंचाई दी है। यह पुरस्कार पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की अध्यक्ष नीलू शर्मा द्वारा जिला कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी को भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का क्षण है बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए सतत एवं जिम्मेदार पर्यटन का प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

## चिंतन

# रैली के आयोजकों को बनाया जाए जवाबदेह

अभिनेताओं की फिल्म का प्रमोशन हो, क्रिकेट फ्रेंचाइजी में जीत का जश्न हो, बाबाओं की कथा हो या फिर नेताओं की रैलियां। आखिर ऐसे आयोजनों में भारी भीड़ क्यों जुटती है और आम लोग क्यों असमय काल का ग्रास बन जाते हैं। देश में हर साल भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने से सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। भीड़ की यह कैसी दीवानगी है जो एक-दूसरे को खींचकर ले जाती है। इन सबके बावजूद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग तक भारी संख्या में रैलियों में पहुंचे हैं। इस साल की बात करें तो भारत में मंदिरों, रेलवे स्टेशनों, महाकुंभ, रैलियों और सार्वजनिक आयोजनों में भीड़ के इकट्ठा होने के कारण कई लोगों की जान गई है। ऐसा नहीं है कि इस साल ही ऐसा हुआ हो। यह लगभग हर साल होता है। जहां भगदड़ की वजह से कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। भगदड़ में मौत की सबसे बड़ी वजह किसी स्थान पर क्षमता से अधिक लोगों का पहुंच जाना, फिर धक्का-मुक्की और दम घुटना शामिल है। ऐसा नहीं है कि दूसरे देशों में ऐसी घटनाएं नहीं होती हों, लेकिन अपने देश में रैलियों के प्रति लोगों में दीवानगी कुछ ज्यादा ही है। पिछले साल अल्लू अर्जुन अपनी नई फिल्म में व्यस्त होंगे पर उनकी पुष्पा-2 के शो में जो भगदड़ मची और जो लोग मारे गए थे, उनके परिजनों की चीखें उसी सिनेमाहॉल के आसपास गूंज रही हैं। इस साल 2025 में बेंगलुरु में विराट कोहली की टी-20 टीम के स्वागत में उमड़े लोगों में से कुछ फैंस को नहीं मालूम था कि वे अपने घर कंधे पर लौटेंगे। सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम हो या बाबा बागेश्वर का धाम-वहां से प्रवचन सुनकर कुछ लोग अपने घरों तक नहीं लौट पाए। वहीं, मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। ऐसे ही शनिवार को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता थलापति विजय की टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई। जहां अचानक मची भगदड़ में 39 लोगों की जान चली गई। भगदड़ में कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए। कई का दम घुट गया। कई पैरों के नीचे कुचले गए। दौड़ती भीड़ अपने ही बगल में नीचे पड़े लोगों को रौंदती चली गई। इन कुचले और दम तोड़ते लोगों को बड़ी मुश्किल से अस्पताल पहुंचाया जा सका। क्योंकि, एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका। मरने वालों में 6 मासूम बच्चे हैं। 20 से ज्यादा महिलाएं। इन महिलाओं की मौत ऐसे वक्त में हुई, जब पूरा देश मां दुर्गा की शक्ति की उपासना में लगा हुआ है और रविवार को देश बिटिया दिवस भी मना रहा है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और प्रशासन ने जांच के आदेश देकर मामले से पल्ला झाड़ लिया। भगदड़ में होने वाली मौतें परेशान तो करती ही हैं, साथ ही सवाल भी खड़े करती हैं कि आखिर अपने देश में भगदड़ में इतने लोगों की मौत क्यों हो जाती है? आखिर भगदड़ की वजह क्या है और क्यों प्रशासन ऐसे भगदड़ को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है? आखिर इसकी जवाबदेही किसकी है? रैलियों में भारी भीड़ से हुई मौतों को रोकने के लिए रैली के आयोजकों को भी जवाबदेह बनाना होगा। देखना होगा कि रैली स्थल पर पर्याप्त स्थान हो, हवा-पानी की व्यवस्था हो, सुरक्षा के कड़े इंतजाम हों और पहले से ही यह अनुमान भी हो, मसलन कितने लोग रैली में पहुंच सकते हैं। तभी भारी भीड़ वाले स्थलों पर भगदड़ जैसी स्थति से निपटा जा सकता है।

## विमर्श

राज कुमार सिन्हा




# नदी तू निर्मल बहती रहना धन-धान्य से भरपूर रखना

भारत की संस्कृति में नदियां जीवनदायिनी है। अन्न-जल देने वाली इन नदियों को मां मानकर पूजा जाता है। नदियों के बिना मानव जाति के विकास की परिकल्पना असंभव थी। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षाद् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः ' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। हिन्दुओं के चार वेदों में से एक अथर्ववेद में बताया गया है कि आवास के समीप शुद्ध जलयुक्त जलाशय होना चाहिए। जल दीर्घायु प्रदायक, कल्याणकारक, सुखमय और प्राणरक्षक होता है। शुद्ध जल के बिना जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जलस्त्रोतों को बचाए रखने के लिए हमारे ऋषियों ने इन्हें सम्मान दिया। पूर्वजों ने कल-कल प्रवाहमान सरिता गंगा को ही नहीं वरन सभी जीवनदायनी नदियों को मां कहा है। परंपरागत समय में मानवजाति ने नदियों के इस आत्मीय सहयोग को पूरा मान-सम्मान दिया किन्तु आज लोभ और लाभ की मनोवृत्ति की वजह से नदियां संकट में है। भारत को नदियों का देश माना जाता है तथा यहाँ छोटी और बड़ी नदियों को मिलाकर लगभग 4000 से अधिक नदियां हैं। देश में 521 नदियों के पानी की निगरानी करने वाले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक देश की 198 नदियां ही स्वच्छ हैं। इनमें अधिकांश छोटी नदियां हैं। शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा अनियोजित विकास के कारण पिछले कुछ दशकों से नदियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। कई सहायक नदियों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। नदियों के विनाश में बाजारवाद का बढ़ता प्रभाव भी एक प्रमुख कारक है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के चलते नदियों के स्त्रोत सूखने लगे हैं और नदियां सिकुड़ने लगी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की ओर से 5 जून 2024 को पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट (एसओई) रिपोर्ट 2023 में यह खुलासा किया कि देश के 30 राज्यों में कुल 279 (46 फीसदी) नदियां प्रदूषित हैं। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक देश की 279 अथवा 46 फीसदी प्रदूषित नदियों में सर्वाधिक प्रदूषित नदियां महाराष्ट्र (55) में हैं जबकि इसके बाद मध्य प्रदेश में 19 नदियां प्रदूषित हैं। वहीं, बिहार में 18 और केरल में 18 नदियां प्रदूषित हैं। उत्तर प्रदेश में 17 और कर्नाटक में 17 नदियां जबकि राजस्थान में 14 और गुजरात में 13, मणिपुर में 13, पश्चिम बंगाल में 13 नदियां प्रदूषित हैं। नदी के पानी का औद्योगिक प्रदूषण भारत में एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है, जो पारिस्थितिकी तंत्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण और अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन के कारण खतरनाक अपशिष्ट नदियों को दूषित कर रहे हैं, जिससे पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। इससे मछलियां विलुप्त हो रही है। मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित जीव है तथा जलचर पर्यावरण को संतुलित रखने में इसकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिस पानी में मछली नहीं हो तो निश्चित ही उस पानी की जल जैविक स्थिति सामान्य नहीं है।

वैज्ञानिकों द्वारा मछली को जीवन सूचक (बायोइंडीकेटर) माना गया है। कई दूषित नदियों में जैविक ऑक्सीजन की मांग (बीओडी) का स्तर निर्धारित सीमा से 10 गुना अधिक है। मत्स्याखेट की सुरक्षा के लिए नदियों को बहते रहना और प्रदूषणमुक्त रखना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। नदियों में प्रदूषण का असल खमियाजा तो कृषि क्षेत्र पर पड़ता है। प्रदूषित नदियों के जल से सिंचाई होती है और इससे प्रदूषण उस कृषि भूमि पर पहुंच जाती है जहां से सीधे खाद्यान्न आता है। अब एक तरफ तो पैदावार बढ़ाने के लिए किसान खतरनाक उर्वरक इस्तेमाल करते हैं और दूसरी तरफ प्रदूषित नदियों का जल उसे और अस्वास्थ्यकर बनाता है। नदी में अनियंत्रित रेत खनन से नदी के वनस्पतियों और जीवों पर बहुत बुरा असर पड़ता है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने भारत में नदियों के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण आदेश दिए हैं। इन आदेशों का उद्देश्य मुख्य रूप से नदी प्रदूषण रोकना, अवैध खनन नियंत्रित करना, अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करना और जलधाराओं को अविरल बनाए रखना है। भारत में नदियों की रक्षा के लिए प्रदूषण नियंत्रण, प्रवाह संरक्षण, तट प्रबंधन, जनभागीदारी और कानूनी उपाय आवश्यक हैं। सरकार ने नमामि गंगे जैसी योजनाएं शुरू की हैं, परंतु सफलता तभी मिलेगी जब स्थानीय समुदाय, सरकार, उद्योग और नागरिक मिलकर नदी को संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के रूप में संरक्षित करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सुदर्शन चक्र
निरंकार सिंह

# मिसाइल तकनीक में भारत की छलांग

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है।

भारत ने सुरक्षा क्षेत्र में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसकी विरोधी भी तारीफ कर रहे हैं। पिछले महीने ओडिशा के समुद्री तट पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का सफल परीक्षण किया। इस सिस्टम में क्विक रिएक्शन मिसाइलें तो हैं ही, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हाई-पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी शामिल है। इसे आधुनिक 'सुदर्शन चक्र' कहा जा रहा है, जो पलक झपकते ही दुश्मन का खात्मा कर सकता है। बीजिंग स्थित एयरोस्पेस नॉलेज मैगजीन के एडिटर वांग यानान ने चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। लेजर हथियार भविष्य की लड़ाइयों का अहम हिस्सा हैं और भारत अब उस चुनिंदा देशों की कतार में आ गया है जिनके पास यह तकनीक है। यानान ने यहां तक कहा कि मिसाइल और मैन-पोर्टेबल सिस्टम तो कई देशों के पास हैं, लेकिन लेजर हथियार का टेस्ट और उसे तैनात करने की क्षमता हर किसी के पास नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत लगातार अपने डिफेंस सिस्टम को अपग्रेड करने में जुटा है।

मिसाइल से लेकर ड्रोन, फाइटर जेट, एयर डिफेंस सिस्टम तक को मजबूत किया जा रहा है। डीआरडीओ लगातार ऐसी मिसाइलें विकसित कर रहा है, जो पहले के मुकाबले काफी घातक हैं। नई तकनीक से बनीं ये मिसाइल्स सामान्य रडार और डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में भी सक्षम है। डीआरडीओ रुद्रम प्रोजेक्ट के तहत हाइपरसोनिक मिसाइल डेवलप कर रहा है। इसकी रफ्तार 5 मैक यानी 6000 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा होगी। साथ ही इसकी रेंज 1000 से 1500 किलोमीटर तक होगी। इस तरह पाकिस्तान का ज्यादातर हिस्सा इस मिसाइल की जद में होगा। हाइपरसोनिक मिसाइल को रुद्रम-4 का नाम दिया गया है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मिसाइल दुश्मन को महज कुछ सेकंड की प्रतिक्रिया अवधि देती है, जिससे उसकी हिट-रेट लगभग सुनिश्चित हो जाती है। उड़ान परीक्षणों के दौरान, तीन अलग-अलग लक्ष्यों, जिनमें दो उच्च गति वाले फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन शामिल थे, को एक साथ उच्च ऊर्जा लेजर हथियार प्रणाली द्वारा अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। पिछले महीने उसने 20 अगस्त को अपनी सबसे ताकतवर मिसाइल अग्नि पांच का सफलतापूर्वक परीक्षण करके सबको चौंका दिया। इस मिसाइल को बंगाल की खाड़ी के तट से हवा में छोड़ा गया। यह हिंद महासागर में अपने लक्ष्य को सटीक निशाना लगाने में कामयाब रही। भारत की यह सबसे लंबे दूरी की मिसाइल है, जिसे भारत का ब्रह्मास्त्र कहा जाता है। एमआईआर तकनीक वाली अग्नि 5 मिसाइल एक साथ कई सौ किलोमीटर में फैले तीन ठिकानों पर हमला किया। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार अग्नि पांच के जरिए भारत चीन से मिल सकने वाली चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम है। आज मिसाइल के क्षेत्र में भारत पूरे विश्व में अपनी धाकजमा रहा है। अग्नि पांच में ऐसे सेंसर लगे हैं, जिससे वह अपने लक्ष्य तक बिना किसी गलती के पहुंचने में कामयाब रहेगी। अग्नि मिसाइल भारत के पास साल 1990 से मौजूद है, लेकिन वक्त के साथ इसके नए



और ज्यादा आधुनिक रूप बनाए जाते रहे हैं। अग्नि- 5 परमाणु हथियार ले जाने में पूरी तरह से सक्षम मिसाइल है। अभी तक एमआईआर वी तकनीक से लैस मिसाइल केवल रूस,चीन, अमेरिका, फ्रांस और यूके के पास है। इस मिसाइल को जमीन या समंदर या पनडुब्बी से लॉन्च किया जा सकता है। इसकी मारक क्षमता 5000 किलोमीटर तक है। इसी साल जुलाई में पांच मिसाइलों का परीक्षण किया था। भारत की स्वदेशी तकनीक से बनी इन मिसाइलों की क्षमता ब्रह्मोस मिसाइल से अधिक है। भारत ने मिसाइल तकनीक में बड़ी छलांग लगाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिसा के अब्दुल कलाम दवीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए हैं। डीआरडीओ के अनुसार दोनों मिसाइलें टारगेट को हिट करने में सफल रहीं। यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइल में खास तरह के नेविगेशन सिस्टम लगाए गए हैं। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर हैं। इससे पहले 16-17 जुलाई को ओडिशा तट के पास से परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी.2 और अग्नि.1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो उसकी सामरिक प्रतिरोधक क्षमता का प्रदर्शन है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण विशिष्ट सामरिक बल कमान द्वारा किया गया और सभी परिचालन एवं तकनीकी मानकों की पुष्टि की गई। यह उपलब्धि भारत द्वारा 16 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित आकाश प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद आई है। इस मिसाइल को 4500 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर मार करने के लिए बनायागया है। डीआरडीओ ने देश की अब तक की सबसे उन्नत मिसाइल प्रणाली का भी परीक्षण किया है। इसका नाम है ईटी-एलडीएचसीएम। इसकी सबसे खास बात है कि इसका इंजन स्क्रैमजेट हवा से ऑक्सीजन लेता है। इससे मिसाइल हल्की रहती है और बहुत तेज गति से उड़ सकती है।

पुराने इंजनों को अपने साथ ऑक्सीजन ले जाना पड़ता था। लेकिन स्क्रैमजेट इंजन हवा से ही ऑक्सीजन खींच लेता है। इसलिए मिसाइल का वजन कम हो जाता है और वह लंबे समय तक तेज रफ्तार से उड़ान भर सकती है। इसका परीक्षण नवंबर 2024 में किया गया था। अभी कुछ और परीक्षण होने हैं। यह मैक 8 की गति से उड़ान भर सकती है और 1,500 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों को भेद सकती है। डीआरडीओ के गोपनीय प्रोजेक्ट विष्णु के तहत विकसित, यह मिसाइल स्क्रैमजेट इंजन का उपयोग करती है। यह परमाणु या पारंपरिक आयुध ले जा सकती है। यह जमीन, समुद्र या हवा तीनों से मारकर सकती है। अबभारत स्वदेशी हाइपरसोनिक क्षमता वाले विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हो गया है। इसे प्रोजेक्ट विष्णु के तहत बनाया गया था जो अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक हथियार विकसित करने के लिए एक गोपनीय कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह मिसाइल मैक 8 की गति से 1,500 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्यों को भेद सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइल फिलहाल चीन और रूस के पास है। वहीं भारत की तरह अमेरिका भी इसे बनाने की प्रक्रियामें लगा हुआ है। कुछ और देश हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने का दावा करते हैं, लेकिन पुखता तौर पर ऐसा नहीं कहा जा सकता। ऐसे में भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश होगा, जिसके पास ये आधुनिक तकनीक होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा।


## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### लद्दाख में शांति कायम करना केंद्र का दायित्व

लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग के संदर्भ में हुए प्रदर्शन के लिए गृह मंत्रालय ने सोनम वांगचुक को जिम्मेवार ठहराया है। यह कदम युक्तियुक्त है। जब लद्दाख जे एंड के का हिस्सा था, तो कितना परेशान और उपेक्षित रहा। अब एकदम वह केंद्र शासित क्षेत्र है और पूर्णतया कानून-व्यवस्था केंद्र के हाथ है। किसी देखादेखी या विदेशी हाथ का प्रश्न नहीं उठता। घाव देख मक्खियां तो आदतन जरूर आती हैं, पर उन्हें एकदम उड़ाकर घाव को नासूर बनने से बचाना केन्द्र का ही दायित्व है। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे कई केन्द्रशासित प्रदेश हैं, फिर इतनी बेचैनी लद्दाख को क्यों है। केन्द्र को हिंसक प्रदर्शनों पर रोक लगानी चाहिए और शीघ्र हल निकालना चाहिए। *– ब्रिजेश तिवारी, अंबिकापुर*

## करंट अफेयर

### दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत : जयशंकर


विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया को बड़े पैमाने पर वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरकर सामने आएंगी। जयशंकर ने वैश्विक समीकरणों में बदलाव के बीच आर्थिक संबंधों में विविधता लाने के लिए लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक सत्र से इतर ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। जयशंकर ने कहा, "दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। हम नयी व्यापार व्यवस्थाएं, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी और कार्यस्थल मॉडल देखेंगे, जो कम समय में वैश्विक परिदृश्य को बहुत अलग बना देंगे। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ संपर्क में है, तथा वह "व्यापार एवं साझेदारी को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि "ऐसे अशांत माहौल" में, खासतौर पर बड़े देशों के लिए, अधिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के वास्ते क्षमता निर्माण करना अहम है।



## ऑफ बीट

### क्या शनि के छल्ले 2025 तक 'गायब' हो जायेंगे ?

यदि आपके पास एक दूरबीन हो तो आसमान में वलय वाले ग्रह – शनि से भी ज्यादा शानदार कुछ दृश्य हैं। वर्तमान में, शनि शाम के आकाश में सूर्यास्त के तुरंत बाद अपने उच्चतम स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सौरमंडल के छठे ग्रह और उसके प्रसिद्ध छल्लों का अच्छा दृश्य देखने के लिए टेलीस्कोप या दूरबीन का उपयोग करने का यह आदर्श समय है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर कई लेख जंगल की आग की तरह फैल गए हैं। उन लेखों का दावा है कि शनि के छल्ले तेजी से गायब हो रहे हैं – और 2025 तक गायब हो जाएंगे! तो कहानी क्या है? क्या अगले कुछ महीने, इससे पहले कि शनि शाम के आकाश में दृश्य से ओझल हो जाए, वास्तव में इसके शक्तिशाली छल्लों को देखने का हमारा आखिरी मौका हो सकता है? संक्षिप्त जवाब नहीं है। हालांकि यह सच है कि 2025 में छल्ले पृथ्वी से लगभग अदृश्य हो जाएंगे, यह न तो कोई आश्चर्य की बात है और न ही घबराने की बात है। इसके तुरंत बाद यह छल्ले 'फिर से प्रकट' होंगे। इसकी वजह पृथ्वी का झुकना बताया गया है। हमारी भूमध्य रेखा हमारी कक्षा के तल से लगभग 23 .5 डिग्री झुकी हुई है।



## ट्रेंड

### छठ महापर्व



तमिलनाडु से लेकर बिहार-झारखंड तक आज देशभर में खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर में कुछ लोग कमाल के प्रोडक्ट तैयार कर रहे हैं। परंपरा और इनोवेशन के संगम से वोकल फॉर लोकल के अभियान को भी नई तेजी मिल रही है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वर सम्राज्ञी, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनके स्वरों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की दिव्यतम अभिव्यक्ति है। संस्कृति-कला जगत उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।
**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं



जो लोग ' आई लव मोहम्मद' कहकर अव्यवस्था, आगजनी और तोड़फोड़ का सहारा ले रहे हैं...उन्हें मालूम है कि यह शारदीय नवरात्रि है... 'चण्ड-मुण्ड' बनकर कार्य करोगे तो माँ भगवती कभी बर्दाश्त करने वाली नहीं हैं...
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### भाजपा का विश्वासघात



कांग्रेस लद्दाख में सरकार द्वारा स्थिति से निपटने में की गई दयनीयता और उसके बाद सोनम वांगचुक की कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती है। यह लद्दाख के लोगों के साथ भाजपा का विश्वासघात है।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पर्यवेक्षक चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने तथा चुनाव खर्च की भी निगरानी पर रखेंगे नजर

# बिहार चुनाव और उपचुनाव में तैनात होंगे 320 आईएएस अफसरों समेत 470 केंद्रीय पर्यवेक्षक,ईसी को करेंगे रिपोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और सात अन्य राज्यों के उपचुनावों को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 470 अधिकारियों को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में तैनात करेगा।

इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 320 अधिकारी, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 60 अधिकारी और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 90 अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, आईआरएएस, आईसीएएस जैसी सेवाओं से अधिकारी इसमें शामिल हैं। ये पर्यवेक्षक चुनाव की निगरानी करते हुए पूरी प्रक्रिया के दौरान आयोग को रिपोर्ट देंगे और चुनाव में सुधार के सुझाव देंगे। उनका मुख्य काम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना तथा चुनाव खर्च की भी निगरानी करना है।

आयोग के अनुसार, ये सभी अधिकारी बिहार में होने वाले विधानसभा आम चुनाव और जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड, तेलंगाना, पंजाब, मिजोरम और ओडिशा में होने वाले उपचुनावों के लिए नियुक्त किए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट में बताया, बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों में उपचुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों (सामान्य, पुलिस और व्यय) की तैनाती होगी। आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 और प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त करता है।

पर्यवेक्षक नियुक्ति से लेकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक आयोग की देखरेख, नियंत्रण और अनुशासन में कार्य करते हैं। 'पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण और गंभीर जिम्मेदारी निभाते हैं कि चुनाव निष्पक्ष, तटस्थ और विश्वसनीय हों, जो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। वे आयोग की आंख और कान होते हैं और समय-समय पर रिपोर्ट देते रहते हैं। पर्यवेक्षक आयोग को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनाव कराने में मदद करते हैं और साथ ही मतदाताओं की जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने में योगदान देते हैं।'पर्यवेक्षकों का मुख्य उद्देश्य उन क्षेत्रों की पहचान कर ठोस सुझाव देना है जिनमें सुधार की जरूरत है। अपनी वरिष्ठता और प्रशासनिक सेवाओं के अनुभव के आधार पर सामान्य और पुलिस पर्यवेक्षक चुनाव के निष्पक्ष संचालन में आयोग की सहायता करते हैं और क्षेत्र स्तर पर चुनाव प्रक्रिया के प्रभावी प्रबंधन की निगरानी करते हैं। व्यय पर्यवेक्षक उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की निगरानी करते हैं।

जारी प्रेस नोट में आगे कहा गया, चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर (बडगाम एवं नगरोटा), राजस्थान (अन्ता), झारखंड (घाटसिला), तेलंगाना (जुबली हिल्स), पंजाब (तारण-तारन), मिजोरम (डम्पा) और ओडिशा (नुआपाड़ा) में होने वाले उपचुनावों के लिए विभिन्न राज्यों में तैनात 470 अधिकारियों (320 आईएएस, 60 आईपीएस और 90 आईआरएस/आईआरएएस/आईसीएएस आदि) को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में तैनात करने का निर्णय लिया है।


## खबर संक्षेप

### हरियाणा की जेल से भागा कैदी



**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला स्थित अंबाला सेंट्रल जेल से एक विचाराधीन कैदी भाग गया है। पुलिस ने बताया कि तलाश शुरू कर दी गई है। जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट राजीव कुमार ने कैदी के फरार होने के बाद बलदेव नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसकी पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है।

### क्रिकेटरों, अभिनेताओं की संपत्ति होगी कुर्क



**नई दिल्ली।** ईडी जल्द ही एक ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धनशोधन निवारण कानून के तहत कुछ खिलाड़ियों और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्ति कुर्क कर सकता है। इनमें से कुछ हस्तियों ने उन्हें दिए गए विज्ञापन शुल्क का इस्तेमाल कई तरह की संपत्तियां हासिल करने में किया।

### मुंबई में फायरिंग, कनपटी के नीचे मारी गोली



**मुंबई।** यहां के पठानवाड़ी इलाके में रविवार को गोलीबारी की घटना सामने आई। कुरार पुलिस स्टेशन की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। यह फायरिंग अब्बू तलहा अव्वल बेग उर्फ तला शेट पर की गई। गोली उनके गर्दन के नीचे यानी कनपटी के पास लगी, जिसके बाद उन्हें जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लखीमपुर में बस से भिड़ी वैन, 5 की मौत




**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से अनुबंधित बस की ओयल चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बच्चे सहित 5 लोगों की मौत हो गई।तीन बच्चों सहित 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डीएम, एसपी और एसडीएम ने जानकारी ली।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में की नारी शक्ति की प्रशंसा

# बिजनेस, स्पोर्ट्स और एजुकेशन से लेकर साइंस में देश की बेटियां लहरा रहीं परचम

मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया, इस दौरान अन्य कई बिंदुओं पर भी दिया संबोधन, गौरव का गान किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया। अपने संबोधन में बेटियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। बिजनेस ,स्पोर्ट्सऔर एजुकेशन से लेकर साइंस तक आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना झंडा गाड़ रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं। आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है। इस दौरान पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना के दो अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से भी बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना के इन दो बहादुर अधिकारियों ने नाविक सागर परिक्रमा के दौरान साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया है।

**'मन की बात' कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया**




### 11 साल में खादी का आकर्षण बढ़ा

खादी के प्रति लोगों के बढ़ते आकर्षण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई न कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। उन्होंने आगे कहा कि गर्व से कहें -ये स्वदेशी हैं। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और गांधी जी हमेशा स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे और खादी उनमें सबसे पहले थी। इसे वोकल फॉर लोकल के साथ सोशल मीडिया पर भी शेयर करें।

### हर क्षेत्र में अपना परचमा लहरा रही बेटियां

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं। बिजनेस से लेकर स्पोर्ट्स तक, एजुकेशन से लेकर साइंस तक.. आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। आज वह ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है। अगर मैं आपसे यह सवाल करूं कि क्या आप समंदर में लगातार आठ महीने रह सकते हैं। क्या आप समंदर में पतवार वाली नाव यानी हवा के वेग से आगे बढ़ने वाली नाव से पचास हजार किलोमीटर की यात्रा कर सकते हैं और वो भी तक जब समंदर में मौसम कभी भी बिगड़ जाता है। ऐसा करने से पहले आप हजार बार सोचेंगे। लेकिन भारतीय नौसेना की दो बहादुर अधिकारियों ने नाविका सागर परिक्रमा के दौरान ऐसा कर दिखाया है। उन्होंने दिखाया है कि साहस और दृढ़ संकल्प होता क्या है। आज मैं मन की बात के श्रोताओं

### सावरकर जैसी महान विभूतियों से प्रेरित थीं लता दीदी

उन्होंने कहा कि साथियो, आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वह सबकुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूं। साथियों, लता दीदी जिन महान विभूतियों से प्रेरित थीं, उनमें वीर सावरकर भी एक थे। जिन्हें वह तात्या कहती थीं। उन्होंने वीर सावरकर के कई गीतों को अपने सुरों में पिरोया। लता दीदी से मेरा स्नेह का जो बंधन था, वह हमेशा कायम रहा। वह मुझे बिना बोले हर साल राखी भेजा करती थीं। मुझे याद है मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले मेरा परिचय लता दीदी से कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपके द्वारा गाया और सुधीर जी द्वारा संगीतबद्ध गीत 'ज्योति कलश छलके' बहुत पसंद है।

## स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर, लता को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से कहा कि मन की बात में आप सभी से जुड़ना, आप सभी से सीखना, देश के लोगों की उपलब्धियों के बारे में जानना, वाकई मुझे बहुत सुखद अनुभव देता है। उन्होंने कहा कि आज के दिन के साथ कुछ विशेषताएं भी जुड़ी हैं। आज भारत की दो महान विभूतियों की जयंती है। मैं बात कर रहा हूं शहीद भगत सिंह और लता दीदी की। साथियों, अमर शहीद भगत सिंह हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा पुंज हैं। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मेरे और मेरे साथियों से युद्धबंदियों से जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मारकर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। भगत सिंह लोगों की पीड़ा के प्रति भी बहुत संवेदनशील थे और उनकी मदद में हमेशा आगे रहते थे। मैं शहीद भगत सिंह को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

चोरों की हो रही थी धर-पकड़

# नूंह में पुलिस टीम पर ही अवैध राइफल्स से अंधाधुंध फायरिंग

पुलिस ने 14 आरोपियों को किया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह में पुलिस टीम पर आरोपियों की समर्थक भीड़ द्वारा हमले की खबर है। पुलिस टीम यहां चोरों को पकड़ने गई थी लेकिन पुलिस टीम पर ही अवैध हथियारों से हमला कर दिया गया। इसके चलते कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि बाद में पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की और मामले पर काबू पाया। पुलिस टीम पर पथराव का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके चलते पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपियों और उनके समर्थकों ने पहले पत्थरबाजी की और फिर अवैध हथियारों से जमकर फायरिंग की। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उन पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी ने लोगों को उकसाया था।

### गाड़ी चोरी से जुड़ा है मामला

दरअसल ये माममला पंजाब से चोरी हुई गाड़ियों और साइबर फ्रॉड का है, जिसके तहत शनिवार को पुन्हाना और तावडू क्राइम ब्रांच की टीमें इंदाना गांव में कार चोरी के आरोपियों को दबोचने गई थी। आरोप यह है कि पुलिस पर फायरिंग के बाद आरोपी आजाद मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी पिस्टल वहीं गिर गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

### आरोपी ने भीड़ को उकसाया और फिर पत्थरबाजी शुरू

आरोप यह भी है कि आजाद ने शोर मचाकर ग्रामीण लोगों को उकसाया। इसके बाद जमा हुई भारी भीड़ ने वालों को उकसाया। देखते ही देखते दर्जनों महिलाएं और पुरुष इकट्ठा हो गए और पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

### पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान फायरिंग भी हुई, जिसके बाद पुन्हाना, बिछौर, पिनगवां व अन्य थानों से भारी फोर्स पहुंची और इस मामले में 3 महिलाओं समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिछौर थाना प्रभारी जसवीर ने बताया कि पुलिस पूरी घटना पर एक्शन ले रही है और केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

एलपीजी की कीमतें परिवर्तित होंगी

# 'पीयर टू पीयर' ट्रांजैक्शन को हटाने की संभावना, पेंशन की प्रक्रिया भी बदलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार से नए महीने की शुरुआत होने जा रही है। 1 अक्टूबर से कई ऐसे नियम हैं, जिसमें बदलाव होने जा रहे हैं। हर महीने की शुरुआत होने के साथ ही कई नियमों में बदलाव होते हैं, जिसका सीधा असर लोगों के जेबों पर देखने को मिलता है। नए महीने की शुरुआत के साथ एलपीजी की कीमतों में बदलाव देखने को मिल सकता है।

अगले माह से बदलेंगे कई नियम, जेब पर डालेंगे असर



### रेल टिकट बुकिंग में कई बदलाव

रेलवे भी अपने कई नियमों में बदलाव करने जा रहा है। अब अगले महीने से रिजर्वेशन खुलने के बाद पहले 15 मिनट में सिर्फ वे ऑनलाइन टिकट बुक कर पाएंगे, जिनका आधार वेरिफिकेशन हो चुका है।

### पेंशन से जुड़े नियम भी बदलेंगे




पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने सीआरए की ओर से वसूले जाने वाले फीस अब बदलाव कर दिया है। नया नियम लागू होने के बाद सरकारी कर्मचारियों के लिए अब नया प्राण खोलने पर ई- प्राण किट के लिए 18 रुपए और एनपीएस लाइट सब्सक्राइबर्स के लिए भी फीस स्ट्रक्चर आसान कर दिया है।

### यूपीआई से जुड़े पेमेंट में भी होंगे बदलाव

नए माह से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस या यूपीआई यूजर्स के लिए भी बड़े बदलाव हो रहे हैं। अब पीयर टू पीयर ट्रांजैक्शन को हटाया जा सकता है। यूजर्स सिक्योरिटी को मजबूत कर फाइनेंशियल फ्रॉड रोकने के उद्देश्य से इस फीचल को फोनपे, गुगल पे और पेटीएम जैसे यूपीआई प्लेटफॉर्म से हटाया जा रहा है।

बाड़ में छिपा कर रखे होने की मिली थी सूचना

# जींद में पुलिस की छापामारी, 16 किलो अवैध बम और पटाखे किए बरामद

एजेंसी ▶▶ जींद

रधाना गांव में छापामारी कर पुलिस ने 116 किलो अवैध बम और पटाखे बरामद किए हैं। एवीटी स्टाफ इंचार्ज कमल सिंह ने बताया कि एसपी कुलदीप सिंह ने त्योहारों के सीजन में अवैध बम, पटाखे व ज्वलनशील पदार्थों की धरपकड़ को लेकर निर्देश दिए हुए हैं। प्रधान सिपाही जितेंद्र के नेतृत्व में रधाना अड्डे पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि रधाना गांव का दीपक दशहरा व दीवाली के त्योहार पर अवैध रूप से बम और पटाखे लाकर मोटा मुनाफा कमाने के लिए अपने चाचा राजेश के बाड़ में छिपा कर रखे हुए है। जिस पर टीम ने राजेश के बाड़े पर दबिश दी, तो पुलिस को देख कर दीपक फरार हो गया।

## पुलिस की भनक लगते ही आरोपी दीपक फरार

### पेटियों में क्रेकर बम, पटाखे भी मिले



बाड़े की तलाशी लेने पर वहां काफी पेटियों में क्रैकर बम, पटाखे बरामद हुए। जिनका वजन करने पर 116.100 किलोग्राम हुआ। बरामद बम व पटाखों के बारे में पूछताछ पर दीपक व उसका कोई स्वजन परमिट, लाइसेंस पेश नहीं कर सका। जिस पर सदर थाना पुलिस ने दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यहां पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित

जिले में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध है। दिवाली के मौके पर पटाखों की आतिशबाजी व पराली के धुएं से प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते प्रशासन पटाखों की बिक्री और फसल अवशेष जलाने वालों पर सख्ती बरत रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

# बिहार को मिलेगी तीन नई अमृत भारत ट्रेनें नई सौगात, चार पैसेंजर गाड़ियों का भी परिचालन होगा प्रारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनावी मौसम में बिहार को आधुनिक रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना जं. से 07 ट्रेनों की सौगात बिहार को देंगे, जिनमें 03 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। कार्यक्रम में रेल मंत्री वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। आम लोगों की लोकप्रिय अमृत भारत एक्सप्रेस की 12 सेवाएं अभी देश भर में चल रही हैं जिनमें 10 ट्रेन बिहार से चलती हैं। इसके बाद इस श्रेणी की रेलगाड़ियां की संख्या बढ़कर 15 हो जाएगी जिसमें 13 ट्रेनों का परिचालन बिहार से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बिहार वासियों के लिए यह बड़ी सौगात है।

रेल सेवाओं में आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वैष्णव और चौधरी द्वारा पटना-बक्सर, झाझा-दानापुर, पटना-इसलामपुर तथा शेखपुरा-बरबीघा के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन के चालू हो जाने से बरबीघा-अस्थावां-बिहार शरीफ रेलखंड पर (जिसका पिछले दिनों सीआरएस निरीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है) ट्रेनों के परिचालन का इस क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना पूरा हो जाएगा। पटना-इसलामपुर पैसेंजर एवं नवादा-पटना पैसेंजर का परिचालन नई लाइन जट डुमरी-फाजिलचक-तोपसरथुआ-दनियावां के रास्ते किया जाएगा जिससे इस क्षेत्र लोगों को भी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी ।

इस समारोह में बिहार को एक और महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रही है। रेल मंत्री और उप मुख्यमंत्री 03 अमृत भारत एक्सप्रेस - मुजफ्फरपुर से हैदाराबाद के समीप चर्लपल्ली के मध्य, दरभंगा से अजमेर के समीप मदार जं. के मध्य तथा छपरा से आनंद विहार टर्मिनल के मध्य अमृत भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे।

मुजफ्फरपुर से चर्लपल्ली के चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से दक्षिण भारत के लिए पहली अमृत भारत ट्रेन होगी जबकि छपरा-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार से दिल्ली के लिए छठी अमृत भारत ट्रेन होगी ।

यह अत्याधुनिक स्वदेशी ट्रेन यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव देगी। ये ट्रेनें बिहार को देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर उत्तर भारत और दक्षिण भारत से तेज़ और सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। इनके संचालन से राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा और पर्यटन, व्यापार तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

अमृत भारत एक्सप्रेस आज देश की रेलवे प्रणाली के आधुनिकीकरण की मिसाल बन चुकी है। यह ट्रेन सिर्फ एक तेज़ और किफायती यात्रा का विकल्प नहीं है, बल्कि इसमें सेमी-ऑटोमेटिक कपलर, फायर डिटेक्शन सिस्टम, सील्ड गैंगवे, और टॉकबैक यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। पहली बार नॉन-एसी कोच में भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीक अपनाई गई है। इससे पहले बिहार को 10 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा मिल रही है। इसके पहले इसकी सुविधा मिल रही है। यह विकसित बिहार से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

**अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संक्षिप्त विवरण**

1. गाड़ी सं. 15293/15294 मुजफ्फरपुर-चर्लपल्लीा-मुजफ्फरपुर अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक) - यह एक्सलप्रेस हाजीपुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्ससर, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, काजीपेट के रास्तेह चलायी जाएगी ।
2. गाड़ी सं. 19623/19624 मदार-दरभंगा-मदार अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक)- यह एक्सरप्रेस कमतौल, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, गोमतीनगर, कानपुर, टुंडला, जयपुर के रास्त् चलायी जाएगी ।
3. गाड़ी सं. 15133/15134 छपरा-आनंद विहार-छपरा अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्तााह में दो दिन)- यह एक्सशप्रेस सिवान, थावे, कप्ताजनगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग (लखनऊ), कानुपर के रास्ते चलायी जाएगी ।

**पैसेंजर ट्रेनों का संक्षिप्त विवरण**

1. गाड़ी सं. 75271/75272 नवादा-पटना-नवादा डेमू पैसेंजर - यह पैसेंजर शेखपुरा, बरबीघा, अस्थाववां, बिहार शरीफ, नुरसराय, दनियावां, तोप सरथुआ, फाजिलचक, जटडुमारी, पुनपुन के रास्तें रविवार को छोड़कर सप्तानह में छः दिन चलायी जाएगी ।
2. गाड़ी सं. 75273/75274 इसलामपुर-पटना-इसलामपुर डेमू पैसेंजर - यह पैसेंजर पुनपुर, जटडुमरी, फाजिलचक, तोप सरथुआ, दनियावां, हिलसा के रास्तेच रविवार को छोड़कर सप्ताडह में छः दिन चलायी जाएगी ।
3. गाड़ी सं. 53201/53202 पटना-बक्सर-पटना फास्टा पैसेंजर - यह पैसेंजर दानापुर, आरा के रास्ते/ रविवार को छोड़कर सप्ता ह में 6 दिन चलायी जाएगी ।
4. गाड़ी सं. 53203/53204 झाझा-दानापुर-झाझा फास्टे पैसेंजर - यह पैसेंजर जमुई, किउल, मोकामा, बख्तियारपुर, फतुहा के रास्ते रविवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन चलायी जाएगी ।

# एलपीजी सप्लायर से हैं परेशान? मोबाइल की तरह पोर्ट करा पाएंगे गैस सिलेंडर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्या आप अपने रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं? अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिल जाएगी।

- ग्राहकों को अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी

इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी। तेल नियामक पीएनजीआरबी ने 'एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी' मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं की टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिलेगी

### कंपनी व डीलर चुनने की स्वतंत्रता होगी

इसमें कहा गया, "अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो। तत्कालीन संप्रग सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था।



### उपभोक्ताओं से उपायों पर सुझाव आमंत्रित

पीएनजीआरबी अब कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है। नियामक ने कहा, "पीएनजीआरबी, एलपीजी आपूर्ति की निरंतरता को मजबूत करने और उपभोक्ताओं के विश्वास की रक्षा के लिए उपभोक्ताओं, वितरकों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारकों से ऐसे उपायों पर विचार और सुझाव आमंत्रित करता है जिनसे समय पर रिफिल की सुविधा मिल सके।"

### लागू करने की तारीख तय नहीं

टिप्पणियां मिलने के बाद पीएनजीआरबी एलपीजी पोर्टेबिलिटी के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करेगा और देश में इसे लागू करने की तारीख तय करेगा।

### परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता था

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### पहले डीलर बदलने के सीमित विकल्प थे

उपभोक्ताओं को 2014 में केवल अपने डीलर बदलने के सीमित विकल्प दिए गए थे, तेल कंपनी नहीं। उस समय कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था।

## खबर संक्षेप

### बीओबी को आईआईबीएक्स में कारोबार की मिली मंजूरी

**गांधीनगर।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा को गिफ्ट सिटी स्थित इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज आईएफएससी लिमिटेड (आईआईबीएक्स) पर कारोबार-सह-समाशोधन सदस्य (टीसीएम) के रूप में काम करने की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) से मंजूरी मिल गई है।

### गोदरेज एग्रोवेट का खाद्य मंत्रालय के साथ करार

**नई दिल्ली।** गोदरेज एग्रोवेट लि. ने विनिर्माण, प्रसंस्करण और अनुसंधान सुविधाएं स्थापित करने के लिए 960 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दौरान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### एनसीसीएफ का कारोबार 45 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के चेयरमैन विशाल सिंह ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में मुख्य रूप से कृषि वस्तुओं के बेहतर कारोबार के जरिये कुल कारोबार को 45 प्रतिशत बढ़ाकर 12,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वित्त वर्ष में 8,270 करोड़ रुपये का कारोबार किया वर्ष 2023-24 में 5,968.96 करोड़ रुपये था।

### उद्योग निकाय सीआईएबीसी ने जारी की रिपोर्ट

# भारत में व्हिस्की बिक्री में दक्षिण भारत की 58 फीसदी हिस्सेदारी, कर्नाटक शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में बनी विदेशी शराब (आईएमएफएल) की बिक्री में दक्षिणी राज्यों का दबदबा है। उद्योग निकाय सीआईएबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024-25 में देश कुल आईएमएफएल बिक्री में दक्षिण भारत की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

सीआईएबीसी के अनुसार, दक्षिण भारत का आईएमएफएल बाजार पर लगभग पूरी तरह से कब्जा है, जबकि देश के बाकी हिस्से की हिस्सेदारी केवल 42 प्रतिशत है। हालांकि, पूरे देश में आईएमएफएल व्हिस्की की बिक्री में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो अब 40.17 करोड़ पेटी पर आ गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 39.62 करोड़ पेटी थी।

### शराब नीति के कारण बिक्री धीमी रही

सीआईएबीसी के महानिदेशक अनंत एस अय्यर ने 'पीटीआई भाषा' कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही चुनाव और कुछ राज्यों की शराब नीति के कारण कमजोर रही, जिससे बिक्री धीमी रही। उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकारों से लगातार संपर्क में हैं और आबकारी नीति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि हर साल राज्य स्तर पर कर और नीतियों में बदलाव होते हैं, जो बिक्री को प्रभावित करते हैं।

**भारत में बना विदेशी शराब में दक्षिणों राज्यों का दबदबा**

**देश के बाकी हिस्से की हिस्सेदारी केवल 42 प्रतिशत**

**पूरे देश में आईएमएफएल व्हिस्की की बिक्री में 1.4% की गिरावट आई**

### तमिलनाडु 6.88 करोड़ पेटी के साथ दूसरे स्थान पर

*आईएमएफएल में व्हिस्की, वोडका, रम, जिन और ब्रांडी शामिल हैं, जिन्हें देशी शराब और पारंपरिक पेयों से अलग माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक ने 6.88 करोड़ पेटियों की बिक्री के साथ फिर से शीर्ष स्थान बनाए रखा, जबकि तमिलनाडु ने 6.47 करोड़ केस के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।*



### पुडुचेरी 19वें स्थान पर रहा

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश ने लगभग नौ-नौ प्रतिशत की हिस्सेदारी दी, जबकि केरल सातवें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण भारत में कुल मिलाकर बिक्री में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिलचस्प बात यह है कि पुडुचेरी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 0.28 करोड़ पेटियों के साथ 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 19वें स्थान पर रहा।

### उत्तरी क्षेत्र ने केवल एक फीसदी वृद्धि दर्ज की

*इसके बाद राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा का स्थान रहा, जो क्रमशः 1.37 करोड़ पेटियों, 1.18 करोड़ पेटियों और 1.17 करोड़ पेटियों के साथ आईएमएफएल की बिक्री में नौवें, 10वें और 11वें स्थान पर रहे। कुल मिलाकर, उत्तरी क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में आईएमएफएल की बिक्री में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।*

### पश्चिमी क्षेत्र का बिक्री में 12 फीसदी का योगदान

*रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिमी क्षेत्र ने 4.70 करोड़ पेटियों के साथ आईएमएफएल की बिक्री में 12 प्रतिशत का योगदान दिया, जहां महाराष्ट्र 2.71 करोड़ पेटियों की खपत के साथ सूची में सबसे ऊपर रहा। पूर्वी क्षेत्र में आईएमएफएल की बिक्री का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा था, जहां पश्चिम बंगाल 1.49 करोड़ पेटियों के साथ शीर्ष पर रहा।*

# दवा कंपनियों ने अमेरिका से अपने उत्पाद वापस मंगाए



- ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स, जाइडस जैसी कंपनियां शामिल
- खामियों के चलते उत्पाद अमेरिकी बाजार से वापस मंगाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय दवा निर्माता ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स इंडिया, सन फार्मा, जाइडस और यूनिकेम विनिर्माण संबंधी विभिन्न खामियों के चलते अमेरिकी बाजार से अपने उत्पाद वापस मंगा रहे हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने यह जानकारी दी।

नियामक ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि ये दवा निर्माता अमेरिकी बाजार से प्रभावित लॉट स्वेच्छा से वापस मंगा रहे हैं। यूएसएफडीए ने कहा कि मुंबई स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की एक अमेरिकी सहायक कंपनी 13,824 एजेलिक एसिड जेल ट्यूबों को वापस मंगा रही है।

हैदराबाद स्थित ग्रैन्यूल्स इंडिया डेक्सट्रोएम्फेटामाइन सैकरेट, एम्फ़ेटामाइन एस्पार्टेट मोनोहाइड्रेट, डेक्सट्रोएम्फेटामाइन सल्फेट और एम्फ़ेटामाइन सल्फेट की 49,000 से अधिक बोतलें वापस मंगा रही है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि दवा कंपनी सन फार्मा की एक अमेरिकी सहायक कंपनी रीनल इमेजिंग एजेंट की 1,870 किट वापस मंगा रही है।


### जाइडस एंटीवायरल दवा वापस मंगा रही

इसी तरह अहमदाबाद स्थित दवा निर्माता कंपनी जाइडस फार्मास्युटिकल्स (यूएसए) इंक एंटीवायरल दवा एंटेकाविर टैबलेट की 8,784 बोतलें वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने कहा कि एक अन्य दवा कंपनी यूनिकेम फार्मास्युटिकल्स यूएसए इंक लेबल में गड़बड़ी के कारण दवा की बोतलें वापस मंगा रही है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# त्योहारी मांग के चलते सराफा में तेजी जारी रहने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बरकरार रहने की उम्मीद है, लेकिन महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक संकेतकों के आने के बीच मुनाफावसूली भी देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर कारोबारी विनिर्माण और सेवाएं पीएमआई के आंकड़ों, सितंबर माह के लिए अमेरिका के रोजगार आंकड़ों के साथ ही उपभोक्ता विश्वास की स्थिति पर नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, "हमें उम्मीद है कि सोना और चांदी में मौजूदा सकारात्मक गति जारी रहेगी, हालांकि, सप्ताह के अंत में कुछ मुनाफावसूली से इनकार नहीं किया जा सकता।

- इस सप्ताह और तेजी रहने की उम्मीद

### ब्याज दरों में हो सकती है 0.25 प्रतिशत की कटौतीः एसबीआई

**मुंबई (भाषा)।** एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती आरबीआई के लिए "सर्वोत्तम संभावित विकल्प" है। कुछ अन्य विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक की दर निर्धारण समिति एक अक्टूबर को घोषित होने वाली अपनी द्विमासिक नीति में फिर से यथास्थिति बनाए रख सकती है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली समिति नीतिगत दर पर सोमवार को तीन दिवसीय विचार-मंथन शुरू करने वाली है।

## सीसीपीए ने फर्स्टक्राई पर लगाया दो लाख का जुर्माना




**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने गुमराह करने वाले विज्ञापनों और गलत व्यापारिक तरीकों को अपनाने के लिए डिजिटल एज रिटेल प्राइवेट लि. (फर्स्टक्राई) पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीपीए ने गलत और गुमराह करने वाली कीमतें दिखाने के लिए डिजिटल एज रिटेल प्राइवेट लिमिटेड (फर्स्टक्राई) पर 2,00,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह आदेश उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 10, 20 और 21 के तहत पारित किया गया है। सीसीपीए ने फर्स्टक्राई के खिलाफ एक आदेश जारी किया है। यह आदेश इसलिए दिया गया है क्योंकि कंपनी अपनी ऑनलाइन वेबसाइट पर गुमराह करने वाले विज्ञापन छापती थी और गलत व्यापारिक तरीके अपना रही थी।

### डॉ. विश्वनाथन संस्थापक एवं कुलाधिपति

## भारत को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में आगे




एजेंसी ▶▶| वेल्लोर

वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति आवश्यक है। वे वेल्लोर में शुरू हुए तीन दिवसीय टेक्नो-मैनेजमेंट उत्सव, ग्रेविटास 2025 के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। अन्ना ऑडिटोरियम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, कुलाधिपति विश्वनाथन ने कहा, '1984 में केवल 180 छात्रों के साथ अपनी स्थापना के बाद से, वीआईटी ने वेल्लोर, भोपाल, चेन्नई और आंध्र प्रदेश के चार परिसरों में 1,00,000 छात्रों को शिक्षित किया है। कुछ लोगों ने पूछा है कि हम इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को प्रवेश क्यों देते हैं, मैं भारत की 146 करोड़ की आबादी की ओर इशारा करता हूं। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक इच्छुक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। सार्वजनिक संस्थान अक्सर बुनियादी ढाँचे, प्रयोगशालाओं और संकाय नियुक्तियों की ऊँची लागत के कारण प्रवेश सीमित कर देते हैं। कई राज्य सरकार के विश्वविद्यालय केवल 1,000 से 2,000 छात्रों को ही दाखिला देते हैं, यह स्थिति बदलनी ही होगी। शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए, जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग भी शामिल हैं,/" उन्होंने कहा। 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए, उन्होंने बताया कि 18-23 आयु वर्ग के 14 करोड़ लोगों में से केवल 4 करोड़ ही उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# जेएलआर को ब्रिटेन सरकार से ऋण गारंटी मिली

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन सरकार ने रविवार को ऐलान किया कि वह जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को 1.5 अरब पाउंड तक की ऋण गारंटी देगी। यह मदद एक बड़े साइबर हमले के बाद जेएलआर की आपूर्ति श्रृंखला को स्थिरता देने के लिए की जा रही है।

- साइबर हमले के बाद ब्रिटेन में टाटा मोटर्स ने उत्पादन रोक दिया था

जेएलआर, भारत की टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश कार विनिर्माता कंपनी है। गारंटी ब्रिटेन के डिपार्टमेंट फॉर बिजनेस एंड ट्रेड (डीबीटी) की ओर से दी जाएगी।




### उत्पादन अगले माह से बहाल हो जाएगा

उम्मीद है कि उत्पादन अगले महीने तक बहाल हो जाएगा। कंपनी ने जानकारी दी है कि अब उसके कुछ डिजिटल सिस्टम दोबारा चालू हो गए हैं और वो आपूर्तिकर्ताओं के बकाया भुगतान को तेजी से निपटा रही है।

साथ काम करने वाली छोटी कंपनियां भी संकट में आई इससे न केवल कंपनी को नुकसान हुआ, बल्कि उसके साथ काम करने वाली छोटी और मध्यम दर्जे की कंपनियां भी संकट में आ गईं। इस सहायता का उद्देश्य इन्हीं कंपनियों को सहारा देना और नौकरियों को बचाना है।

### कंपनी 34,000 लोगों को देती है रोजगार


*जेएलआर के पास ब्रिटेन में तीन बड़े संयंत्र हैं। कंपनी सीधे तौर पर 34,000 लोगों को रोजगार देती है और इसकी आपूर्ति श्रृंखला में 1.2 लाख से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। ब्रिटेन की सरकार और साइबर विशेषज्ञ जेएलआर के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि जल्द से जल्द उत्पादन दोबारा शुरू किया जा सके।*

### नोएडा एक्सपो में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के स्टॉल का उदघाटन



**नई दिल्ली।** नोएडा के बहु चर्चित एक्सपो में पंजाब एण्ड सिंध बैंक अंचल कार्यालय,नोएडा द्वारा व्यापार को नई दिशा और ऊंचाई प्रदान करने के लिए अपना स्टॉल लगाया गया। जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री श्री दया शंकर सिंह द्वारा किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने पंजाब एण्ड सिंध बैंक को सेवा भाव के साथ व्यापार के क्षेत्र में उभरते सितारे कहा। बैंक के कई नवाचारों खासकर ई लॉबी तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म की उन्होंने प्रशंसा भी की। इस अवसर पर अंचल नोएडा के आंचलिक प्रबंधक श्री महेश सभरवाल ने बैंक की सभी योजनाओं की बारीकी से जानकारी देते हुए लोगों से बैंक के सभी उत्पादों जैसे पीएसबी कृषक रथ,पीएसबी स्मार्ट युवा,डिजिटल व्हीकल,डिजिटल आवास ऋण,एक करोड़ तक डिजिटल एमएसएमई आदि का लाभ लेने का आग्रह किया। बैंक के द्वारा ग्राहकों की समस्या समाधान के लिए कई अधिकारी स्टॉल पर तत्पर देखा गया। ग्राहकों को भी लगातार बैंक के स्टॉल पर बैंकिंग उत्पाद,योजनाओं तथा सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए उत्सुक देखा गया।

## शब्द पहेली - 6003




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6002 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | कु | मा | र | | म | नो | ह | र |
| दौ | र | | ली | | ख | न | न | | र | वा |
| ल | | जा | न | व | र | | न | ल | | य |
| त | न | य | | | खा | र | | की | म | त |
| खा | | दा | | ना | व | | ड | | दा | |
| ना | र | द | मु | नी | | प | र | व | री | श |
| | फ्ता | | ख | | स | द | | र्ध | | क |
| भ | र | ना | | स | भा | | | मा | हि | र |
| या | | का | का | | भ | द्दा | प | न | | कं |
| न | न | | त | ना | व | | ह | | दा | द |
| क | म | जो | र | | न | ग | र | वा | सी | |







# तिलक के बल्ले से विजयी भवः पाक को हराकर जीता एशिया कप

## कुलदीप यादव ने 4 विकेट लेकर पाक को 19.1 ओवर में146 रन पर समेटा

**तिलक वर्मा ने नाबाद अर्धशतक लगाकर 'संकटमोचक' की भूमिका निभाई और टीम इंडिया को जीत दिलवाई | चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का फिर मानमर्दन कर 5 विकेट से हरा नौवीं बार खिताब कब्जाया | शिवम दुबे ने 22 गेंद में 33 रन बनाकर जीत में निभाई पूरी भागेदारी, विरोधी के दबाव को नहीं होने दिया हावी**

भाषा ▸▸ दुबई

तिलक वर्मा ने नाबाद अर्धशतक लगाकर 'संकटमोचक ' की भूमिका निभाई और बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का एक बार फिर मानमर्दन करते हुए पांच विकेट से हराकर नौवीं बार एशिया कप जीता। भारत को आखिरी ओवर में दस रन की जरूरत थी और विवादों से घिरे रहने वाले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के हाथ में गेंद थी। तिलक ने दूसरी गेंद पर छक्का लगाया और चौथी गेंद पर रिंकू सिंह ने चौका जड़कर स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाये बैठे प्रशंसकों को जश्न में सराबोर कर दिया। जीत के लिये 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत खराब रही थी और पहले पांच ओवर में 20 रन के भीतर तीन विकेट गिर गए थे। इसके बाद तिलक ने एक मोर्चा संभालकर 53 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जबकि संजू सैमसन (24) और शिवम दुबे (22 गेंद में 33 रन) ने उनका पूरा साथ दिया। फाइनल से पहले मैदान से बाहर के तनाव के बीच सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की इस टीम ने फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बावजूद बेखौफ खेल दिखाया और दबाव को हावी नहीं होने दिया।




पहले कुलदीप यादव ने चार विकेट लेकर पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर समेट दिया और उसके बाद तिलक ने अपनी पारी से टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने सैमसन के साथ 57 और दुबे के साथ 64 रन की साझेदारी की। मैच का निर्णायक पल रऊफ का 15वां ओवर था जिसमें भारतीय बल्लेबाजों ने 17 रन निकाले। सुपर 4 चरण में भारतीय प्रशंसकों को भड़काऊ इशारे करने वाले रऊफ ने 3.4 ओवर में 50 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला। इससे पहले अभिषेक शर्मा (पांच) जल्दी आउट हो गए। पाकिस्तान के लिये नयी गेंद संभालने वाले शाहीन शाह अफरीदी और फहीम अशरफ ने धीमी गेंदें डाली जिसका फायदा मिला। सूर्यकुमार (एक) और शुभमन गिल (12) के आउट होने के बाद भारतीय खेमे में सन्नाटा पसर गया। इसके बाद संजू और तिलक ने पारी को संभाला। संजू ने सईम अयूब को छक्का जड़ा लेकिन अबरार की गेंद पर विकेट गंवा बैठे।

रिंकू ने चौका जड़कर भारतीय दर्शकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे प्रशंसकों को जश्न में सराबोर कर दिया। लोगों ने भी जीत का जश्न मनाया और एक दूसरे को बधाई दी।

### पाक-146/10 (19.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहिबजादा का तिलक बो वरूण | 57 |
| फखर का कुलदीप बो वरूण | 46 |
| अयूब का बुमराह बो कुलदीप | 14 |
| हारिस का सिंह बो पटेल | 0 |
| सलमान का सैमसन बो कुलदीप | 8 |
| हुसैन तलत का सैमसन बो पटेल | 1 |
| नवाज का सिंह बो बुमराह | 6 |
| शाहीन पगबाधा बो कुलदीप | 0 |
| अशरफ का तिलक बो कुलदीप | 0 |
| हारिस रऊफ बो बुमराह | 6 |
| अबरार अहमद नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : सात रन
योग : 19 . 1 ओवर में 146 रन
विकेट पतन : 1-84, 2-113, 3-114, 4-126, 5-131, 6-133, 7-134, 8-134, 9-141
गेंदबाजीः दुबे 3-0-23-0, बुमराह 3.1-0-25-2, चक्रवर्ती 4-0-30-2, पटेल 4-0-26-2, कुलदीप 4-0-30-4, तिलक 1-0-9-0

### तिलक वर्मा बने मैन आफ द मैच

### भारत-150/5 (19.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का रऊफ बो फहीम | 5 |
| शुभमन का रऊफ बो फहीम | 12 |
| सूर्यकुमार का सलमान बो अफरीदी | 1 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 69 |
| संजू का फरहान बो अबरार | 24 |
| दुबे का अफरीदी बो फहीम | 33 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 4 |

अतिरिक्तः दो रन
कुलः 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन
विकेट पतन : 1-7, 2-10, 3-20, 4-77, 5-137
गेंदबाजीः अफरीदी 4-0-20-1, फहीम 4-0-29-3, नवाज 1-0-6-0, रऊफ 3.4-0-50-0, अबरार 4-0-29-1, सईम 3-0-16-0

### बुमराह ने बीसवें ओवर की पहली गेंद पर हारिस रऊफ को बोल्ड किया



## बुमराह ने 3.1 ओवर में 25 रन दे दो विकेट लिए

*इससे पहले कुलदीप यादव की अगुआई में स्पिन तिकड़ी के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर आउट कर दिया। हार्दिक पंड्या के बगैर उतरी भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन पाकिस्तान ने काफी आक्रामक शुरूआत की । सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (38 गेंद में 57 रन) और फखर जमां (35 गेंद में 46 रन) ने दसवें ओवर तक 84 रन की साझेदारी कर ली थी । आखिरी दस ओवर में हालांकि भारतीय स्पिनरों ने उन्हें पूरी तरह दबाव में ला दिया । कुलदीप ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट लिये जबकि अक्षर पटेल ने चार ओवर में 26 और वरूण चक्रवर्ती ने 30 रन देकर दो दो विकेट चटकाये । एक समय पर पाकिस्तान का स्कोर एक विकेट पर 113 रन था जब फखर और सईम अयूब क्रीज पर थे । इसके बाद पाकिस्तानी पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई । भारत ने आखिरी नौ विकेट 33 रन के भीतर चटका दिये । जसप्रीत बुमराह ने 3 . 1 ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिये । बुमराह ने बीसवें ओवर की पहली गेंद पर हारिस रऊफ को बोल्ड करने के बाद विमान गिरने के जैसा इशारा करते हुए उन्हें विदाई दी ।*

## खबर संक्षेप

### जूनियर विश्व कपः अनुष्का और एड्रियन ने जीते पदक

**नई दिल्ली।** उभरती हुई निशानेबाज अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर दूसरा स्वर्ण जीता जबकि एड्रियन करमाकर ने इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इससे भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक से दूसरे स्थान पर है जबकि इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ तीसरे स्थान पर है।



### लेडीज ओपनः शीर्ष पांच में रहीं प्रणवी

**ड्यूविले।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के अंतिम दिन टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं। प्रणवी ने अंतिम दौर में छह अंडर 65 के स्कोर से कुल 10 अंडर 203 का स्कोर बनाया। कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने अंतिम दौर में पार 71 के स्कोर से एक अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 46वां स्थान हासिल किया।

## चीन ओपनः कड़े मुकाबले में गॉफ ने लेला को हराया, तीसरे दौर में पहुंची

**बीजिंग।** फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने कड़े मुकाबले में लेला फर्नांडीज को तीन सेट में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। गत चैंपियन गॉफ ने दूसरा सेट गंवाने के बावजूद फर्नांडीज को 6-4, 4-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट के 12वें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर जीत दर्ज की। गॉफ इस डब्ल्यूटीए 1000 सीरीज टूर्नामेंट के अगले दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच और ऑस्ट्रेलिया की प्रिसकिला होन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगी।



### इवा ने एलेना को दी मात

इससे पहले इवा लिस ने 10वें नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना को 6-3, 1-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका की मैकार्टनी केसलर ने बारबरा क्रेसिकोवा के 1-6, 7-5, 3-0 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई। महिला टूर्नामेंट के साथ चल रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में लोरेंजो मुसेटी ने अनुभवी एड्रियन मनारिनो को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया। मुसेटी अगले दौर में लर्नर टिएन से भिड़ेंगे, जिन्होंने फ्लावियो कोबोली को 6-3, 6-2 से हराया।

## महिला क्रिकेट विश्व कपः जुबीन के सम्मान में मुफ्त टिकट

**गुवाहाटी।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के एसीए स्टेडियम में होने वाले उद्घाटन समारोह में असम की सांस्कृतिक हस्ती जुबीन गर्ग को एक विशेष संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी और साथ ही मंगलवार को उद्घाटन मैच के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित किए जाएंगे। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के अधिकारियों ने बताया कि शिलांग चैंबर क्वायर के अलावा अंगराग पापोन महंत और जोई बरुआ सहित राज्य के प्रमुख कलाकार संगीतमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह के दौरान यह 40 मिनट की विशेष प्रस्तुति होगी। एसीए ने 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले उद्घाटन मैच के लिए गर्ग के प्रशंसकों के लिए पांच हजार मुफ्त टिकट वितरित करने की भी व्यवस्था की है। गुवाहाटी खेल संघ (जीएसए) सोमवार को यहां एसीए की ओर से मुफ्त टिकट वितरित करेगा।



## नेपाल ने रचा इतिहास, वेस्टइंडीज को हराया



**शारजाह।** नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला में आई।

**वेस्टइंडीज की शुरुआत रही खराबः** इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रन आउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया। ललित राजवंशी (छह रन पर एक विकेट) और पोडेल (20 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

### नेपाल ने आठ विकेट पर बनाए 148 रन

बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला लेकिन नवीन बिदाईसी ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। मल्ला ने दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा किया जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए लेकिन वेस्टइंडीज ने कुछ कैच टपकाए, जिससे नेपाल की टीम आठ विकेट पर 148 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही।

## रुझदी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड लगातार जीता छठा स्वर्ण

**नई दिल्ली।** बुल्गारिया के रुझदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष गोला फेंक एफ55 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 34 साल के रुझदी ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 12.94 मीटर की दूरी के साथ 12.68 मीटर के अपने ही पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया, जो उन्होंने पेरिस में 2023 विश्व चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में खिलाड़ी बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि उनके निचले अंग काम नहीं करते। रुझदी एक कार दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसके कारण कमर के नीचे का उनका शरीर काम नहीं करता। उन्होंने 2015 में दोहा से विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक सत्र में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड प्रयास के साथ खिताब जीता। सर्बिया के नेबोसा ड्यूरिक ने 12.52 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत जबकि स्कॉटलैंड के लेच स्टोल्टमैन ने 12.02 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह के सत्र में तीन विश्व रिकॉर्ड बने।

विश्व पैरा एथलेटिक्स



### रोमली ने लंबी कूद में गोल्ड की बनाई हैट्रिक

मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने पुरुष लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई जबकि यूक्रेन के वोलोदिमिर पोनोमरेंको ने पुरुष गोला फेंक टी12 स्पर्धा में 17.39 मीटर के नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ खिताब अपने नाम किया। रोमली का लंबी कूद स्पर्धा में दबदबा रहा है। इस स्पर्धा में उन्होंने पांच स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। विश्व चैंपियनशिप में उन्हें एकमात्र बार शिकस्त का सामना दुबई में 2019 में करना पड़ा था।

### नसीमा ने बनाई स्वर्ण की दोहरी हैट्रिक

अल्जीरिया की नसीमा सैफी ने महिला चक्का फेंका एफ57 स्पर्धा में 34.54 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक की दोहरी हैट्रिक बनाई। स्पर्धा में उनके दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि उनके पांचों वैध थ्रो 32 मीटर से अधिक के थे जबकि चीन की रजत पदक विजेता टियान यूशिन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 30.30 मीटर रहा।

## जुबीन को समर्पित महिला वनडे विश्व कप का उद्घाटन समारोह, कोई जश्न नहीं

**गुवाहाटी।** किसी और दिन दुर्गापूजा उत्सव और क्रिकेट विश्व कप का उद्घाटन समारोह यहां के लोगों के लिये दोहरी खुशियां लेकर आता लेकिन असम के लोग अभी अपने चहेते सपूत गायक जुबीन गर्ग के निधन के सदमे से उबर नहीं सके हैं। दुर्गापूजा शुरू हो चुकी है और महिला विश्व कप का पहला मैच दो दिन बाद है जिसमें भारतीय टीम खेल रही है , इसके बावजूद यहां सन्नाटा पसरा है। जुबीन के निधन के एक सप्ताह बाद भी लोग शोक में डूबे हैं। जुबीन (52 वर्ष) का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में डूबने से निधन हो गया था। पिछले तीन दशक से संगीत के जरिये असम की आवाज बने 'जुबीन दा' के बारे में ही लोग बातें कर रहे हैं जिन्होंने 40 भाषाओं में 38000 से अधिक गीत गाये थे। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोइ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद एक विशाल बोर्ड पर लिखा था ,'' एक आवाज जो अमर रहेगी ... जुबीन गर्ग 18 नवंबर 1972 से हमेशा तक ।''

## श्रीहरि नटराज ने एशियाई एक्वाटिक्स में 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीते

**अहमदाबाद।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप के पहले दिन रविवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीते और चार गुणा 100 मीटर मेडली रिले टीम को कांस्य पदक दिलाने में सूत्रधार रहने के साथ इस टूर्नामेंट के एक ही सत्र में दो या अधिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय तैराक बन गए। भारत ने इस उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में 16 साल में पहली बार पदक जीता है। भारत की उदीयमान तैराक धिनिध देसिंघु हालांकि महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में पदक से चूक गई और दो मिनट 02.84 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही। श्रीहरि ने एक मिनट 48.47 सेकंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46 . 83 सेकंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे।



## विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिपः छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में गंवाए पैर, चुनौतियों से उबरते हुए तोमन बने चैंपियन

**ग्वांगजू।** दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता तोमन कुमार ने छत्तीसगढ़ में 2022 में एक नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक घातक आईईडी विस्फोट में अपना पैर गंवा दिया था लेकिन उन्होंने इसके बाद की चुनौतियों से पार पाते हुए सफलता की ओर कदम बढ़ाए। केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 30 वर्षीय कांस्टेबल ने अब तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में सात पदक जीते हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा का खिताब जीता।

### अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में जीते सात पदक

### दक्षिण बस्तर क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान गंवा दिया था पैर

तोमन सीआरपीएफ की एक इकाई का हिस्सा थे, जिसे देश के सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में से एक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में नियुक्त किया गया था। पर फरवरी 2022 में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी के दौरान तोमन आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में घायल हो गए। सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह इसमें गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिससे 12 फरवरी 2022 को उसका बायां पैर काटना पड़ा।



### नवंबर 2023 में शुरू किया था पैरा तीरंदाजी का अभ्यास

अधिकारी ने बताया कि वह सीआरपीएफ के एक विशेष सेंटर राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र (एनसीडीई) में शामिल हो गए, जिसे 2020 में शारीरिक रूप से अक्षमता का सामना करने वाले जवानों के लिए खोला गया था। उन्होंने बताया कि तोमन ने नवंबर 2023 में पैरा तीरंदाजी का अभ्यास शुरू किया और एक साल बाद सितंबर 2024 में उन्हें सीआरपीएफ की केंद्रीय (मुख्य) टीम में शामिल किया गया। तोमन ने तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अलावा, ग्वांगजू सहित चार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लिया है।

हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# वांगचुक की पत्नी ने पाकिस्तान कनेक्शन को किया खारिज, बोलीं-हिंसा के लिए सीआरपीएफ जिम्मेदार

ग्लेशियर के पानी में भारत या पाकिस्तान नहीं देखता

## अंगमो ने कहा- गिरफ्तारी का आदेश नहीं मिला, कार्रवाई करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेल में बंद सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने पति पर पाकिस्तान से जुड़े होने के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी से रविवार को कहा कि वांगचुक ने हमेशा गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया है और 4 सितंबर की हिंसा के लिए सीआरपीएफ जिम्मेदार हैं। अंगमो ने स्पष्ट किया कि उनके पति की पाकिस्तान की यात्राएं जलवायु परिवर्तन से जुड़ी थीं। हम संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित सम्मेलन में गए थे।

हिमालय के ग्लेशियर के पानी में हम भारत या पाकिस्तान नहीं देखते। गीतांजलि अंगमो हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव लर्निंग (एचआईएएल) की सह-संस्थापक हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने पति से संपर्क नहीं कर पाई हैं। गिरफ्तारी का आदेश अभी तक नहीं मिला है और वे कानूनी कार्रवाई करेंगी। पुलिस प्रमुख द्वारा लगाए गए पाकिस्तान कनेक्शन के आरोपों पर भी अंगमो ने प्रतिक्रिया दी।



फाइल फोटो

## एनएसए लगाना ही दुर्भाग्यपूर्ण

वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर गीतांजलि ने कहा कि उन्हें हिरासत में लेने के बाद भी ना तो उन्हें वांगचुक से बात करने दी गई, ना ही कोई आधिकारिक दस्तावेज दिखाए गए। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, वह कोई सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा नहीं हैं, बल्कि एक शांतिप्रिय, गांधीवादी आंदोलनकारी हैं। सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और उन पर लगे आरोप अब केवल कानून या प्रशासन का मामला नहीं रहे, बल्कि यह सवाल बन गए हैं कि क्या असहमति की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है? गीतांजलि अंगमो की बेबाक बातों से यह साफ है कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, पूरे लद्दाख की लोकतांत्रिक मांगों की लड़ाई है।

## एयरपोर्ट, स्कूल और अस्पतालों को धमकी



**नई दिल्ली।** राजधानी एक बार फिर सुरक्षा के हाई अलर्ट पर है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, विभिन्न स्कूलों और कई प्रमुख संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ईमेल मिले हैं। ये धमकियां रविवार की सुबह मिलीं। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरे सतर्क मोड में हैं। सूत्रों के अनुसार, धमकियां एक अज्ञात ईमेल आईडी से भेजी गई हैं। जिसमें साफ लिखा गया है कि संस्थानों को बम से उड़ा देंगे। ये ईमेल एयरपोर्ट के अलावा दिल्ली के कई प्रतिष्ठित स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी भवनों तक पहुंचे हैं।




### अमेरिका को खटक रही दोनों देशों की पुरानी 'यारी'

# रूस ने दिखाया अमेरिका को आईनाः यूएनजीए में दिखी भारत और रूस की दोस्ती की झलक

*चाहे कुछ भी दोनों देशों की दोस्ती पक्की है, संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने बिना अमेरिका का नाम लिए उसके दोहरे मापदंड की आलोचना की और इस दौरान रूस ने भारत का समर्थन किया*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

रूस और भारत की दोस्ती अमेरिका को खूब खटक रही है। यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका भारत के ऊपर मनमाना टैरिफ लगा रहा है। हालांकि, रूस और भारत ने एक बात साफ कर दिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, रूस और भारत की दोस्ती अडिग है।

उइसका ताजा उदाहरण संयुक्त राष्ट्र महासभा ( यूएनजीए) में देखने को मिला, जब न केवल भारत ने बिना नाम लिए अमेरिका के दोहरे मापदंड के लिए उसे घेरा, बल्कि रूस ने भी भारत का समर्थन किया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस के रिश्ते और तेल व्यापार को लेकर कहा कि भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं।

### यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका को घेरा

*यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका के दोहरे मापदंडों को लेकर घेरा। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अब हम टैरिफ में अस्थिरता और बाजार में अनिश्चितता देख रहे हैं। उन्होंने यूएनजीए में अमेरिका का नाम लिए बिना उसके "दोहरे मानदंडों" का भी जिक्र किया। जिसमें एस जयशंकर ने रूसी तेल खरीदने पर भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाना, जबकि अन्य देशों पर नहीं लगाने की ओर इशारा किया।*



### अमेरिका के आगे नहीं झुका भारत

अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया, बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा। लावरोव ने कहा, मैं तो भारतीय सहयोगियों से यह सवाल नहीं करता, क्योंकि वह फैसले खुद लेने में पूरी तरह से सक्षम हैं। वहीं भारत ने भी इस बात को साफ कर दिया है कि अपने विकास और फायदे के लिए किसी दूसरे देश की शर्तों पर नहीं चलेगा। अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया। बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा।

### दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे पुतिन

*संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस संबंधों को मजबूती प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा की योजना बनाई जा रही है। लावरोव ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत की स्वतंत्र नीतियों की सराहना की और द्विपक्षीय एजेंडे को व्यापक बताया, जिसमें व्यापार, सैन्य सहयोग, एआई और ब्रिक्स जैसे मंचों पर समन्वय शामिल है। रूसी विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना दिसंबर में बनाई जा रही है। ये यात्रा दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन की अगली कड़ी हो सकती है।*




Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310. Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63 - 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248; Sohna: Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.